लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471

दैनिक
# अमन लेखनी



विक्की कौशल के डांस मूव्स......



अल्फा की शूटिंग शुरू.....

वर्ष : 10 | अंक : 207 | लखनऊ, 07 जुलाई, रविवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# किसी भी दशा में बख्शे न जाएं जमीन कब्जाने वाले : सीएम योगी

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले भूमाफिया और कमजोरों को उजाड़ने वाले दबंग किसी भी दशा में बख्शे न जाएं।

उनके खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति का अनुसरण करते हुए कठोर से कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सरकार का संकल्प है कि किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने जमीन कब्जा करने के मामलों में तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

सीएम योगी शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। बारिश के कारण मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक वह खुद पहुंचे और एक-एक करके, इत्मीनान से सबकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान करीब 400 लोगों से मुलाकात कर उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि उनके रहते किसी के साथ नाइंसाफी नहीं होगी। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। सबको न्याय मिलेगा और सबकी पीड़ा दूर की जाएगी। जनता दर्शन में दूसरे जिलों के भी लोग आए थे। सीएम से मिलकर समस्या बताने वालों में महिलाओं कीसंख्या पुरुषों की अपेक्षा काफी अधिक रही।

जनता दर्शन में कुछ महिलाओं ने भूमाफिया और दबंगों द्वारा जमीन कब्जा करने की शिकायत की। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भूमाफिया को करारा सबक सिखाया जाएगा। उनके रहते कोई भी किसी कमजोर या गरीब को उजाड़ नहीं पाएगा। मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद प्रशासन व पुलिस के अफसरों को निर्देशित किया कि जबरन जमीन कब्जा करने वालों को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त विधिक कार्रवाई करें। सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी दबंग, माफिया, अपराधी किसी की जमीन पर कब्जा न करने पाए। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। सीएम ने अफसरों से कहा कि वे हर जरूरतमंद का आयुष्मान कार्ड बनवाएं ताकि इलाज के लिए उन्हें परेशान न होना पड़े।



जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अफसरों को दो टूक हिदायत देते हुए कहा कि जनसमस्याओं के निस्तारण में हीलाहवाली अक्षम्य होगी। हर व्यक्ति की समस्या का पूरी प्रतिबद्धता और पारदर्शिता से न्यायोचित समाधान शासन-प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होती है और इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारी पूरी संवेदनशीलता से लोगों की समस्याओं को सुनें और गुणवत्तापूर्ण, त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। इस दौरान पुलिस व राजस्व से जुड़ी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी जिले स्तरपर ही समस्या का समाधान सुनिश्चित करें ताकि लोगों को परेशान न होना पड़े। कड़े तेवर में उन्होंने कहा कि संवेदनहीन और लापरवाह अधिकारियों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### मुख्यमंत्री ने की गोसेवा, खिलाया गुड़

मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान शनिवार प्रातःकाल गुरु गोरक्षनाथ का दर्शन पूजन किया और अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर शीश नवाया। साथ ही मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए गोशाला में जाकर गोसेवा की। सीएम ने गोवंश को खूब दुलारा और अपने हाथों से उन्हें गुड़ खिलाया। मुख्यमंत्री ने गोशाला के कार्यकताओं से सभी गोवंश के स्वास्थ्य व पोषण की जानकारी ली और जरूरी निर्देश दिए।

## देव दीपावली के पहले लाइट एंड साउंड शो शुरू करने का प्रयास कर रहा पर्यटन विभाग

एजेंसी

वाराणसी। सारनाथ भगवान बुद्ध की तपस्थली सारनाथ में लाइट एंड साउंड शो अब नए कलेवर में दिखाई और सुनाई देगा। एनालॉग डिजिटल सराउंडिंग सिस्टम और एडवांस्ड लेजर तकनीक से शो दिखाया जाएगा। भगवान बुद्ध के सारे प्रसंग को समेटे हुए लाइट एंड शो का संचालन पहले से उच्च तकनीक से करने की तैयारी चल रही है। दो भाषा में संचालित होने वाले लाइट एंड साउंड शो में भविष्य में तीसरी भाषा पाली को भी जोड़ा जाना प्रस्तावित है। देव दीपावली के पहले पर्यटकों के लिए लाइट एंड साउंड शो शुरू करने का प्रयास पर्यटन विभाग की तरफ से किया जा रहा है।

### हिंदी व अंग्रेजी भाषा में चलेगा शो, जल्द ही पाली भी जोड़ने की योजना

सारनाथ में अब भगवान बुद्ध की जीवनी और उनसे जुड़ा प्रसंग थ्री-डी इफेक्ट में दिखाई देगा । उपनिदेशक पर्यटन आरके रावत ने बताया कि लाइट एंड शो के पुराने स्क्रिप्ट को और विस्तृत किया जा रहा है। इसमें भगवान बुद्ध की संपूर्ण जीवनी रहेगी। लाइट एंड साउंड शो की अवधि लगभग 35 से 40 मिनट की होगी। अभी ये शो हिंदी और इंग्लिश भाषा में चलेगा, लेकिन भविष्य में इसमें पाली भाषा जोड़ने की योजना है।

### 18 करोड़ रुपये से किया जाएगा आधुनिकीकरण

उपनिदेशक पर्यटन ने बताया कि एनालॉग नार्मल की जगह अब एनालॉग डिजिटल सराउंड सिस्टम और एडवांस लेजर बेस्ड तकनीक से लाइट एंड शो दिखाया जाएगा ,नई टेक्नॉलजी से संचालित होने वाले शो में आवाज और पिक्चर की क्वालिटी काफी उच्च गुणवत्ता की होगी।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 43.c

न्यूनतम तापमान 29.c

**बाजार**

सोना 7,077/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 75,410.39

निफटी 22,957.10

## हाथरस पहुंचा 3 सदस्यीय न्यायिक जांच आयोग

कहा- जल्द से जल्द रिपोर्ट तैयार करेंगे

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

हाथरस में हुई भगदड़ की घटना के मामले में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गठित तीन सदस्यीय न्यायिक जांच कमेटी ने उस स्थान का निरीक्षण किया जहां 2 जुलाई को भगदड़ मची थी जिसमें 121 लोगों की जान चली गई थी। तीन सदस्यीय न्यायिक जांच कमेटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति बृजेश कुमार श्रीवास्तव (सेवानिवृत्त) ने कहा कि हमने घटनास्थल का निरीक्षण किया, हमने निकास बिंदु देखें। जिससे भी जरूरत होगी उससे पूछताछ करेंगे। हमें 2 महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट देने का आदेश दिया गया है, हम जल्द से जल्द रिपोर्ट तैयार करने की कोशिश करेंगे। हाथरस पुलिस प्रमुख निपुण अग्रवाल ने बताया कि मुख्य आरोपी देवप्रकाश मधुकर को 5 जुलाई को दिल्ली के नजफगढ़ से गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि हाथरस भगदड़ का मुख्य आरोपी मधुकर सत्संग के लिए फंड जुटाता था और उससे हाल में कुछ राजनीतिक दलों ने संपर्क किया था। पुलिस मधुकर को उसकी हिरासत में देने का अदालत से अनुरोध करेगी ; उसके वित्तीय लेन-देन, कॉल रिकार्ड की पड़ताल की जा रही। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने शनिवार को कहा कि अगर हाथरस में हुई भगदड़ की घटना में प्रशासनिक चूक से सबक नहीं लिया गया तो भविष्य में ऐसी दुर्घटनाएं और होंगी।

# असम में बाढ़ की स्थिति गंभीर, 30 जिलों में अब तक हो गए 24.5 लाख लोग प्रभावित

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, असम में आई बाढ़ के संबंध में कहा गया है कि बाढ़ की स्थिति शनिवार को भी गंभीर रूप से बनी हुई है। असम में 30 जिलों में 24.5 लाख से अधिक लोग बाढ़ से जूझ रहे हैं और कई स्थानों पर प्रमुख नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। इस वर्ष बाढ़ में 52 लोगों की मृत्यु हुई तथा भूस्खलन और तूफान के कारण 12 अन्य लोगों की जान चली गई।



मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने गंभीर रूप से प्रभावित डिब्रूगढ़ जिले से लौटने के बाद शुक्रवार देर रात अधिकारियों के साथ बैठक की और राज्य में बाढ़ की स्थिति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा, 'डिब्रूगढ़ के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने के बाद हमने असम आरोग्य निधि-स्वास्थ्य वित्तीय सहायता योजना सहित कई मामलों की समीक्षा की।'

सरमा ने यह भी कहा कि उन्होंने अधिकारियों से विशेष रूप से 'दुर्लभतम मामलों को प्राथमिकता देने और उन लोगों के आवेदनों को प्राथमिकता देने को कहा है जो किसी भी मौजूदा योजना के अंतर्गत कवर नहीं हैं।' मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ प्रभावित लोगों से बातचीत करने के बाद उन्होंने उनकी समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों को संदेश भेजे हैं। उन्होंने कहा, ₹हमारे लिए, सक्रिय शासन प्रभावी सार्वजनिक सेवा की कुंजी है।

स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति के बारे में उन्होंने कहा कि बाढ़ से राज्य भर में काफी नुकसान हुआ है, लेकिन 'जल जीवन मिशन' योजना 'इन कठिन समय में उम्मीद की किरण' बनकर सामने आई है। उन्होंने कहा, 'परिवर्तनकारी जल आपूर्ति परियोजना इन कठिन समय में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति कर रही है।' उन्होंने कहा, 'परिवर्तनकारी जल आपूर्ति परियोजना इन कठिन समय में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति कर रही है।'

**संक्षिप्त समाचार**

### सुनिता केजरीवाल को न्यायपालिका पर संदेह पैदा करते देखना चौंकाने वाला है - वीरेंद्र सचदेवा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि सुनीता केजरीवाल वास्तव में आम आदमी पार्टी की स्टार मैनिपुलेटर बन गई हैं क्योंकि समय के साथ उन्होंने कहानी सुनाने की कला में महारत हासिल कर ली है जैसे उनके पति अरविंद केजरीवाल और अन्य पार्टी सहयोगियों ने किया है। आम आदमी पार्टी द्वारा सुनीता केजरीवाल की ओर से जारी किए गए रिकॉर्ड किए गए वीडियो बयान में चौंकाने वाले बयान दिए गए हैं। यह चौंकाने वाला है कि सुनीता केजरीवाल न्यायपालिका को संदेह के घेरे में खड़ा कर रही हैं। दिल्ली के लोग विश्वास नहीं कर पा रहे हैं कि यह एक मुख्यमंत्री की पत्नी द्वारा जारी किया गया वीडियो है जो स्वयं वरिष्ठ सरकारी अधिकारी रह चुकी हैं। यह आश्चर्यजनक है कि वह न्यायपालिका पर संदेह कर रही हैं क्योंकि अपनी कहानी सुनाने के दौरान वह बार-बार कहती हैं कि अदालत ने तीन बार सांसद एम.एस. रेड्डी के बेटे को जमानत देने से इनकार कर दिया जब उसने बार-बार अपना मूल सत्य बयान दिया लेकिन 2023 में एम.एस. रेड्डी पारिवारिक दबाव के कारण झुक गए और बयान बदल दिया जिसके बाद रेड्डी के बेटे को अदालत ने जमानत दे दी। यह चौंकाने वाला है कि केजरीवाल चाहती हैं कि हम दिल्लीवासी विश्वास करें कि जब रेड्डी सत्य बयान दे रहे थे तब अदालत ने उनके बेटे को जमानत नहीं दी लेकिन जैसे ही एम.एस. रेड्डी ने अपना बयान बदल दिया, उनके बेटे को जमानत मिल गई। सुनीता केजरीवाल ने कहा कि अपने बयान से केजरीवाल ने न केवल न्यायपालिका की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाई है बल्कि सामान्य कानून का पालन करने वाले नागरिकों की भावनाओं को भी ठेस पहुंचाई है।

## सूरत में बड़ा हादसा, भरभराकर गिरी पांच मंजिला इमारत, बिल्डिंग में थे 5-6 लोग, रेस्क्यू जारी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली,गुजरात के सूरत में शनिवार को 6 मंजिला इमारत गिरने से कई लोगों के फंसे होने की आशंका है। बचाव अभियान जारी है लेकिन इमारत ढहने का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। सूरत के सचिन पाली गांव में शनिवार दोपहर एक 6 मंजिला इमारत गिरने से बड़ा हादसा हो गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मलबे में 10 से ज्यादा लोगों के फंसे होने की आशंका है। सूरत के पुलिस कमिश्नर अनुपम सिंह गेहलोत ने कहा कि आज दोपहर करीब 3 बजे सचिन इलाके में एक छह मंजिला इमारत ढह गई। उस बिल्डिंग में रहने वाले कई लोग अंदर फंस गए। पुलिस और फायर ब्रिगेड तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि मलबे में दबी एक महिला को सफलतापूर्वक बचाया गया। इमारत के अंदर 30 फ्लैटों में से 4-5 फ्लैट भरे हुए थे और बाकी खाली थे। कई लोग काम पर थे और जो लोग रात की पाली के बाद सो रहे थे वे फंस गए। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ सभी काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अनुमान है कि 5-6 लोग अभी भी मलबे में फंसे हुए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि इमारत का निर्माण 2017-18 में किया गया था लेकिन यह 6 साल में ही जर्जर हो गई। सूरत नगर निगम ने इमारत के मालिक को इसे खाली करने का आदेश भी दिया था. वहां रहने वाले अधिकांश परिवार पहले ही इमारत खाली कर चुके थे। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि वहां केवल 5-6 परिवार रहते थे जबकि मालिक विदेश में रहता है।



## जैसे अयोध्या में हराया, वैसे ही गुजरात में भी बीजेपी को हराने जा रहे हैं हम : राहुल गांधी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अपने गुजरात दौरे पर हैं। राहुल गांधी ने अपने संबोधन में भाजपा और नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साथा। राहुल ने कहा कि हम सब मिलकर उन्हें गुजरात में हराएंगे।' हम नरेंद्र मोदी और बीजेपी को गुजरात में वैसे ही हराएंगे जैसे हमने उन्हें अयोध्या में हराया था। राहुल ने कहा कि एयरपोर्ट बनने से अयोध्या के किसानों की जमीन चली गई। अयोध्या के लोग इस बात से



नाराज थे कि राम मंदिर के उद्घाटन में अयोध्या से किसी को भी आमंत्रित नहीं किया गया था। जो आंदोलन आडवाणी जी ने शुरू किया था, जिसका केंद्र अयोध्या था, उस आंदोलन को इंडिया अलायंस ने अयोध्या में हरा दिया है।

देश के नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मैं संसद में सोच रहा था कि उन्होंने राम मंदिर का उद्घाटन कर दिया। उद्घाटन में अडानी और अंबानी तो दिखे लेकिन कोई गरीब वहां नजर नहीं आया। Gvduaxvs kue kf मैं आपसे कहने आया हूं। इन्होंने हमारे ऑफिस पर हमला किया है, हमें डरना नहीं है। इन्होंने हमें चैलेंज दिया है। चैलेंज ये है कि हमें मिलकर भाजपा को गुजरात में हराना है। अब कांग्रेस पार्टी नरेंद्र मोदी और भाजपा को गुजरात में हराएगी।

## कोरोना काल में फरिश्ते बने हजारों संविदा कर्मियों की सेवाएं समाप्त

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने कोरोना महामारी के समय कोरोना पीड़ितों के लिये ह्यफरिश्तेह्न साबित होने वाले अपने करीब पांच हजार संविदा कर्मियों की सेवाएं समाप्त कर दी हैं। पिछले महीने 30 जून के बाद इन्हें सेवा विस्तार नहीं दिया गया और कई जिलों के मुख्य चिकित्साधिकारियों ने इनसे कार्य न लेने का आदेश भी जारी कर दिये हैं। ऐसे में कोविड काल में जान-जोखिम में डालकर रोगियों की सेवा करने वाले यह संविदा कर्मचारी निराश और गुस्से में हैं। संविदा कर्मियों का कहना है कि यह सरकार की हिटलरशाही है। कोरोना महामारी के समय हमने अपने जान की परवाह नहीं करते हुए अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम किया जिसकी सजा हमें नौकरी से निकाल कर दी गई है। अब



सरकारी फरमान के खिलाफ संविदा कर्मी आंदोलन की चेतावनी दे रहे हैं।

गौरतलब हो, कोरोना महामारी के समय रोगियों की जांच व उपचार के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम), उत्तर प्रदेश ने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, लैब टेक्नीशियन, स्टाफ नर्स, कंप्यूटर आपरेटर, आयुष चिकित्सक और नान मेडिकल साइंटिस्ट इत्यादि के पदों पर संविदा पर सात हजार लोगों की भर्ती की थी। इन्हें अलग-अलग 10 हजार से लेकर 55 हजार रुपये तक मासिक मानदेय दिया जा रहा था। बीते एक वर्ष से भारत सरकार की ओर से बजट न दिए जाने के कारण धीरे-धीरे जिन पदों पर कर्मचारियों की जरूरत नहीं थी, उन्हें हटाया जाने लगा। करीब दो हजार संविदा कर्मचारी निकाल दिए गए थे, अब बाकी बचे संविदा कर्मियों को भी हटा दिया गया है।


संयुक्त स्वास्थ्य आउटसोर्सिंग संविदा कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री सच्चिदानंद मिश्रा की ओर से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को पत्र लिखकर मांग की गई है कि इन्हें न हटाया जाए। तीन-तीन महीने का सेवा विस्तार इन्हें दिया जाए। तमाम खाली पदों पर इन्हें समायोजित किया जा सकता है। उधर, संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ के महामंत्री योगेश उपाध्याय का कहना है कि उनकी वार्ता उच्चाधिकारियों से हुई है और पूरी कोशिश की जा रही है कि इन्हें काम पर रखा जाए। अगर इन्हें सेवा विस्तार न मिला तो आंदोलन किया जाएगा।

## गहरी राजनीतिक साजिश का शिकार हुए केजरीवाल

### पत्नी सुनीता ने लगाए आरोप, भाजपा का पलटवार

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने आरोप लगाया कि उन्हें (अरविंद केजरीवाल को) गहरी राजनीतिक साजिश का शिकार बनाया गया है और ईडी ने एक गवाह के झूठे बयान के आधार पर आबकारी नीति मामले में उन्हें गिरफ्तार किया। उन्होंने एक वीडियो संदेश में कहा कि ईडी ने अरविंद केजरीवाल को तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के सांसद मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी (एमएसआर) के बयान के आधार पर गिरफ्तार किया था। तेदेपा सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का घटक दल है। सुनीता केजरीवाल ने लोगों से दिल्ली के मुख्यमंत्री का समर्थन करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल एक ईमानदार, शिक्षित और देशभक्त व्यक्ति हैं और



अगर जनता उनका समर्थन नहीं करती है, तो ह्यआपह्न नेता के साथ किए गए व्यवहार को देखते हुए कोई भी शिक्षित व्यक्ति राजनीति में नहीं आना चाहेगा।

उन्होंने दावा किया कि मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी ने अपने बेटे राघव मगुंटा रेड्डी की गिरफ्तारी और उन्हें जमानत न मिलने के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री के साथ अपनी मुलाकात के बारे में ईडी को दिया अपना बयान बदल दिया। सुनीता केजरीवाल के अनुसार, श्रीनिवासुलु रेड्डी ने पहले कहा था कि उन्होंने दिल्ली में एक धर्मार्थ ट्रस्ट खोलने के लिए जमीन के संबंध में 16 मार्च, 2021 को दिल्ली के मुख्यमंत्री से मुलाकात की थी, लेकिन अपने बेटे की गिरफ्तारी के बाद 17 जुलाई, 2023 को उन्होंने बयान बदल दिया। उन्होंने पूछा, ईडी को दिए बयान में श्रीनिवासुलु रेड्डी ने कहा कि केजरीवाल ने लगभग 10 लोगों की मौजूदगी में उनसे दिल्ली में शराब कारोबार में उतरने और आप को 100 करोड़ रुपये देने के लिए कहा। क्या कोई इतने लोगों के सामने पैसे मांगेगा। केजरीवाल को उनकी सरकार की आबकारी नीति 2021-22 में कथित अनियमितताओं से संबंधित धनशोधन मामले में 21 मार्च को ईडी ने गिरफ्तार किया था। सीबीआई द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद वह फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि सुनीता केजरीवाल वास्तव में आम आदमी पार्टी की स्टार मैनिपुलेटर बन गई हैं क्योंकि समय के साथ उन्होंने कहानी सुनाने की कला में महारत हासिल कर ली है जैसे उनके पति अरविंद केजरीवाल और अन्य पार्टी सहयोगियों ने किया है।

## अलग-अलग जगहों से एक दर्जन लोग बिजली चोरी करते पकड़े गए

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। भीषण गर्मी के चलते ग्रामीण क्षेत्र में बिजली चोरी की रोकथाम को लेकर विद्युत विभाग ने छापेमारी अभियान चलाया। जिसमें रहीमाबाद पावर हाउस के अंतर्गत अलग-अलग गावों से एक दर्जन लोगों को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया। जेई अजीत सिंह की तहरीर पर बिजली चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। विद्युत विभाग के मुताबिक रहीमाबाद उपकेंद्र की टीम ने क्षेत्र के कई गावों के करीब 56 घरों में चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें रंडा खेड़ा निवासी राम भरोसे, वीरेंद्र , भदोरिया गांव निवासी महेंद्र, राजेश, बगवारा गांव निवासी राम जानकी, परवीन बानो, सफीक, रशीदा, मेवालाल, छोटा, गुलरिया गांव निवासी धीरेंद्र व रानीखेड़ा में सर्वेश्वरी केबिल से बाईपास कर चोरी करते हुए पकड़ा गया। जिनके विरुद्ध बिजली थाने में बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज कराया गया।

# मण्डलायुक्त ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में सुनी फरियादियों की शिकायतें

**मण्डलायुक्त ने एसडीएम न्यायालय के बंटवारे के आदेश का पालन ना कराने पर एसडीएम को कानूनगो को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के दिये निर्देश**

**मण्डलायुक्त ने धारा-24 के पैमाईश/मेड़बदी के आदेशो का पालन ना कराये जाने पर नायाब तहसीलदार को कारण बताओ नोटिस जारी करने के दिये निर्देश**

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। तहसील में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता मण्डलायुक्त डा० रोशन जैकब ने करते हुये एसडीएम बृजेश कुमार वर्मा व एसीपी राधा रमण सिंह की मौजूदगी में फरियादियों की शिकायतें सुनी ।मण्डलायुक्त ने कहा समाज के अन्तिम व्यक्ति तक शासन द्वारा संचालिय योजनाओ का लाभ पहुंचे ?सी मंशा के साथ अधिकारी काम करे ।उन्होने भू-माफियाओ को लेकर कहा कि अवैध कब्जा करने वालो पर कड़ी कार्यवाही की जायें ओर जमीनो को तत्काल कब्जा मुक्त कराया जायें,इसमें किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नही की जायेगी।मंडलायुक्त ने तहसील के पीछे बने ईवीएम वेयर हाउस परिसर में वृक्षारोपण भी किया।



मोहनलालगंज तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंची मण्डलायुक्त डा० रोशन जैकब से लिखित शिकायत करते हुये चंद्रपाल निवासी सदरबाजार कैंट,लखनऊ ने बताया उनकी कृषि योग्य भूमि मोहनलालगंज तहसील के देवती गांव में है उक्त भूमि की पैमाईश का धारा-24 के अन्तर्गत एक साल पहले आदेश हुआ था,लेकिन सुविधा शुल्क की मांग कर रहे लेखपाल व कानूनगो ने अब तक पैमाईश नही करायी ओर सम्पूर्ण समाधान में शिकायतो में भी कई शिकायतो के बाद भी उनकी भूमि की पैमाईश नही हो सकी ।मंडलायुक्त शिकायत को गम्भीरता से लेते एसडीएम से नाराजगी जताते हुये दो दिवस के अंदर शिकायतकर्ता की भूमि की पैमाईश कराने के निर्देश देने के साथ ही नायब तहसीलदार के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी करने को कहा ।उन्होने कहा पैमाईश/मेड़बंदी संबंधित प्रकरणो में अनावश्यक रूप से विलभ करने व लापरवाही बरतने वाले अधिकारियो के खिलाफ कठोरतम कार्यवाही की जायेगी ।दूसरी शिकायत राजेश कुमार निवासी सलेमपुर ने करते हुये बताया 2दिसम्बर2023 को भूमि के बंटवारे का एसडीएम न्यायालय से आदेश हुआ था,जिसकी आदेश प्रतिलिपि तहसीलदार व राजस्व निरीक्षक को कई बार देने व प्रार्थना पत्र देने के बाद भी आज तक भूमि के बंटवारे की। पैमाईश नही करायी गयी?। मण्डलायुक्त ने शिकायत को गम्भीरता से लेते हुये संबंधित कानूनगो को कार्य में हिला हवाली व शिशिलता बरतने पर प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश देने के साथ ही चार दिवस के अंदर एसडीएम के बंटवारा आदेश का क्रियान्वयन कराये जाने के निर्देश दिये ।तीसरी शिकायत दिव्यांग पिंकी निवासी कपेरा मदारपुर विकासखंड गोसाईगंज ने अपने बच्चो के साथ पहुंचकर करते हुये प्रधा?नमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाये जा?ने की गुहार लगायी ।मंडलायुक्त ने अपनी कुर्सी छोड़कर दिव्यांग महिला के पास पहुंचकर उसकी शिकायत सुनने के बाद मौके पर मौजूद बीडीओ गोसाईगंज को जांच कर आवास योजना की पात्रता सूची में दिव्यांग महिला का नाम शामिल करने के निर्देश दियें ।चौथी शिकायत ब्रजभान सिंह निवासी गोपालखेड़ा ने करते हुये बताया उनकी कृषि योग्य भूमि ब्रम्हदासपुर में है भूमि से लगे सरकारी चकमार्ग पर अगल बगल के खेतो के कश्तकारो ने कब्जा कर लिया है,चकमार्ग खाली कराये जाने के लिये बीते कई वर्षो में सम्पूर्ण समाधान दिवसो नें दर्जनो शिकायतो के बाद भी चकमार्ग की पैमाईश नही हो सकी ।मण्डलायुक्त ने एसडीएम को राजस्व टीम गठित कर चकमार्ग को अवैध कब्जे से मुक्त कराने के बाद बीडीओ को मनरेगा से चकमार्ग का रास्ता बनवाये जाने के निर्देश दिये ।पांचवी शिकायत मस्तीपुर प्रधान सूर्य कुमार द्विवेदी ने करते हुये बताया उनके गांव में स्थित सरकारी चकमार्गो पर दबंगो ने कब्जा कर लिया है,शिकायत पर राजस्व टीम ने सीमाकंन करा दिया परन्तु अवैध कब्जा नही हटाया गया ।मंडलायुक्त ने एसडीएम व बीडीओ को टीम गठित कर चकमार्ग से अवैध कब्जा हटवाये जाने के निर्देश दिये।

### देवस्थान के रास्ते व सरकारी नल पर कब्जा करने का आरोप

गोसाईगंज के घुसकर निवासी भाजपा नेता डीडी त्रिपाठी ने मण्डलायुक्त से लिखित शिकायत करते हुये बताया उनके गांव में वर्षो पुराने देवस्थान को जाने वाले रास्ते समेत मौके पर लगे सरकारी हैंडपम्प व ग्राम समाज की परती भूमि पर गांव के ही शरीफ,लल्लन,शमीम,मुन्ना ने कब्जा कर अवैध रुप से कब्जाकर पक्की बाउण्ड्री करा ली,पूर्व में एसडीएम व तहसीलदार से दर्जनो शिकायतो के बाद भी हल्का लेखपाल व कानूनगो ने मौके पर पहुंचकर जमीन की पैमाईश तक नही की ओर ना ही देवस्थान जाने वाले रास्ते व सरकारी हैंडपम्प से कब्जा हटाया है ।मंडलायुक्त ने भाजपा नेता की शिकायत को गम्भीरता से लेते हुये एसडीएम को राजस्वटीम गठित कर जांच कराकर कार्यवाही के निर्देश दियें।

### समाधान दिवस में अव्यवस्थाओ पर तहसीलदार को लगायी फटकार

मंडलायुक्त डा०रोशन जैकब मोहनलालगंज तहसील में बने सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंची तो अंदर मौजूद भीड़ लाइन से नही मिली व लाउडस्पीकर भी कम आवाज वाले थे जिसके चलते माइक पर तेज आवाज में बोलना पड़ रहा था,वही अफसरो के पटल पर लगा एक वाल फैन भी खराब था.सभागार में अव्यवस्थाये देखकर मंडलायुक्त का पारा चढ गया ओर उन्होने मौके पर मौजूद तहसीलदार शंशाक नाथ उपाध्याय को फटकार लगाते हुये आगे से सुधार की चेतावनी थी।

# बेहता नाले में दोस्तों के साथ नहा रहा छात्र डूबा, मौत

अमन लेखनी समाचार



मृतक रोहित फाइल – फोटो

लखनऊ। बेहता नाले के पास बने झरने के पास दोस्तों के साथ नहा रहे किशोर की डूबने से मौत हो गई। वहीं चीख पुकार पर दूसरे साथी को ग्रामीणों ने पानी में गोता लगाकर किसी तरह बचा लिया। दुबग्गा के आम्रपाली योजना निवासी रोहित (17) नौवीं कक्षा का छात्र था।

शनिवार अपराह्न करीब तीन बजे रोहित अपने दोस्त रुस्तम, कुशाल शर्मा, अंशु राजपूत, राज शर्मा व करण यादव के काकोरी के कुशमौरा हलवापुर स्थित बेहता नाले में नहाने गया था। नहाते समय अचानक पैर फिसलने से रोहित और रुस्तम गहरे पानी में चले गए।इस बीच दोनों डूबने लगे। उन्हें डूबता देख साथी चीख पुकार मचाने लगे।शोर सुनकर ग्रामीण उन्हें बचाने के लिए पानी में कूद गए। उन्होंने रुस्तम को तो सही सलातम बाहर निकाल लिया पर रोहित डूब गया। आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने

मलिहाबाद थाना के कसमंडी कला चौकी क्षेत्र से रोहित को खोजकर बाहर निकाला। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। रोहित के पिता नन्हकू बाइक मैकेनिक हैं। मृतक के परिवार में भाई आकाश व बहन अंजली है जिनका रो रोकर बुरा हाल है। इस संबंध में मलिहाबाद प्रभारी निरीक्षक सुरेश सिंह ने बताया कि रोहित के परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## खतरों के बीच खाद लेने को मजबूर किसान



अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज लखनऊ , मोहनलालगंज तहसील क्षेत्र में साधन सहकारी समिति सिसेंडी के किसानों को खतरों के बीच खाद लेने पर मजबूर होना पड रहा है। बरसात का समय और खण्ड हर होते भवन के बीम और छत.की सरिया खुलकर जंग से सड कर लटक रही हैं जो कभी भी खतरे का कारण बन सकतीं है चौकीदार रामस्वरूप के अनुसार बरसात होतें ही छतों से पानी टपकने के कारण गोदाम में रखी हुई खाद गलने लगती है तथा बोरियां क्षतिग्रस्त हो जाती हैं। प्रभारी सचिव प्रदीप गुप्ता के पास कई समितियों का प्रभार होने के कारण सम्पर्क नहीं हो सका।

# यूपी आने वाले कांवड़ियों को उनके राज्य उपलब्ध कराएं आईडी

- सीएम योगी के निर्देश के बाद मुख्य सचिव और डीजीपी ने मेरठ में कांवड़ यात्रा को लेकर की हाईलेवल मीटिंग
- मीटिंग में दिल्ली, हरियाणा, उत्तराखंड और राजस्थान के वरिष्ठ अधिकारी रहे मौजूद
- पूरी यात्रा की सीसीटीवी और ड्रोन से होगी मॉनीटरिंग, पुलिस तय करेगी डीजे की ध्वनि सीमा
- यात्रा की मॉनीटरिंग के लिए स्थापित किये जाएंगे 8 कंबाइंड कंट्रोल रूम

अमन लेखनी समाचार

**मेरठ/लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में उच्च स्तरीय बैठक में पवित्र सावन मास में निकलने वाली कांवड़ यात्रा को लेकर अधिकारियों को तैयारियां पुख्ता करने के निर्देश दिये थे। इसी क्रम में शनिवार को मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और डीजीपी प्रशांत कुमार ने मेरठ में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के आलाधिकारियों सहित चार राज्यों के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में अधिकारियों ने कांवड़ यात्रा को सफल और सुरक्षित बनाने पर विस्तार से चर्चा की।

बैठक में अधिकारियों ने बताया कि कांवड़िए अपने साथ भाले, त्रिशूल या किसी प्रकार का हथियार लेकर नहीं चल सकेंगे। वहीं कावड़ यात्रा के रूट पर डीजे पर पाबंदी नहीं रहेगी, लेकिन नियमानुसार ध्वनि सीमा होनी आवश्यक है। साथ ही कावड़ यात्रा की सीसीटीवी और ड्रोन से निगरानी की जाएगी। इतना ही नहीं कांवड़ यात्रा के दौरान तिरंगा लेकर चलने वाले श्रद्धालुओं पर विशेष नजर रहेगी। इसके अलावा दूसरे राज्यों के अधिकारियों को कांवड़ियों को आईडी अवश्य उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया है।

### यूपी-उत्तराखंड में बनाए जाएंगे 8 कंबाइंड कंट्रोल रूम

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने बताया कि प्रदेश में 22 जुलाई से कांवड़ यात्रा शुरू हो जाएगी। ऐसे में मेरठ में कांवड़ यात्रा समन्वय बैठक में दिल्ली, हरियाणा, उत्तराखंड और राजस्थान के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। इस दौरान बैठक में मेरठ के सीमावर्ती जनपदों के वरिष्ठ अधिकारी



ऑनलाइन जुड़े जबकि रेंज और मंडल के अधिकारी मौजूद रहे। मुख्य सचिव ने बताया कि कांवड़ रूट के सभी 12 जिलों का एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया है ।इसको दो भागों में बांटा गया है। इसमें एक ग्रुप में वरिष्ठ अधिकारी जबकि दूसरे ग्रुप में थाना स्तर के अधिकारी जानकारी साझा करेंगे। कांवड़ यात्रा की निगरानी सीसीटीवी और ड्रोन से की जाएगी। उन्होंने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए पूरी यात्रा को 5 जोन में बांटा गया है। यात्रा रूट पर जगह-जगह पर हेल्थ शिविर, कांवड़ शिविर बनाए जाएंगे। यहां पर कांवड़ियों के ठहरने, आराम करने एवं खाने पीने की व्यवस्था उपलब्ध होगी। वहीं महिलाओं के लिए अलग शिविर की व्यवस्था की गयी है। हेल्थ शिविर में एंटीवेनम इंजेक्शन भी मौजूद रहेंगे। यूपी उत्तराखंड में 8 कंबाइंड कंट्रोल रूम बनाए जाएंगे। इसका संचालन उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के अधिकारी करेंगे ताकि कांवड़ियों को सभी सुविधाएं दी जा सकें।

### सभी राज्य अपने यहां से यात्रा के लिए निकलने वाले श्रद्धालुओं को उपलब्ध कराएं आईडी कार्ड

डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि यात्रा को देखते हुए यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। उन्होंने बताया कि जिन रूट से यात्रा निकलती है, वहां से भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा। दिल्ली एक्सप्रेस वे, देहरादून एक्सप्रेस वे और चौधरी चरण सिंह कांवड़ मार्ग पर 21 जुलाई की रात 12 बजे से भारी वाहनों का प्रवेश बैन रहेगा। वहीं पुलिस यात्रा के दौरान डीजे पर बजने वाले गानों और ध्वनि सीमा को तय करेगी। यात्रा के दौरान दिल्ली, हरियाणा, उत्तराखंड और राजस्थान के बार्डर पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। यहां डॉग स्क्वायड, बम निरोधक दस्ता, आईबी, इंटेलिजेंस, एलआईयू की टीम एक्टिव रहेगी। कांवड़ रूट पर शराब और मांस की दुकानें बंद रहेंगी। इसके अलावा बिजली के खंभों को पॉलीथिन और ट्रांसफॉर्मर को जाली से कवर किया जाएगा ताकि कोई भी अप्रिय घटना न हो सके। यात्रा के मार्ग पर शिविर को हाइवे और एक्सप्रेव वे से दूरी पर बनाया जाएगा। डीजीपी ने बताया कि दूसरे राज्यों के अधिकारियों को कांवड़ियों को आईडी कार्ड उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं ताकि किसी भी समस्या के दौरान उनसे संपर्क कर सहायता प्रदान की जा सके। वहीं ग्रुप में चलने वाले कांवड़ियों के ग्राम और थाने का उल्लेख करने को कहा गया है।

# कुछ राजनीतिक दलों के संपर्क में था हाथरस हादसे का मुख्य आरोपी

**पुलिस की पूछताछ में हुआ खुलासा, राजनीतिक पार्टियों ने अभियुक्त देवप्रकाश मधुकर से किया था सम्पर्क**

**फंड इकट्ठा करने के सम्बन्ध में गहराई से जांच कर रही पुलिस, राजनीतिक दलों द्वारा कार्यक्रमों की फंडिंग की भी हो रही पड़ताल**

**मधुकर से जुडे समस्त बैंक खाते, चल-अचल सम्पत्ति, मनी ट्रेल की हो रही जांच, अन्य एजेन्सियों से भी लिया जाएगा सहयोग**

**हादसे के मुख्य आरोपी देवप्रकाश मधुकर के बाद हाथरस पुलिस ने दो और अभियुक्तों रामप्रकाश और संजू यादव को किया गिरफ्तार**

**हादसे के बाद सीएम योगी के निर्देश पर हो रही ताबड़तोड़ कार्रवाई, अब तक कुल 9 आरोपी पुलिस की गिरफ्त में**

अमन लेखनी समाचार

हाथरस/लखनऊ। हाथरस के सिकंदराराऊ क्षेत्र के ग्राम फुलरई मुगलगढ़ी में घटित दुर्भाग्यपूर्ण घटना में वॉछित मुख्य आयोजक और एक लाख के ईनामी मुख्य आरोपी देवप्रकाश मधुकर की गिरफ्तारी के बाद शनिवार को यूपी पुलिस ने एक और बड़ी सफलता हासिल करते हुए दो अन्य अभियुक्तों रामप्रकाश शाक्य व संजू यादव को भी गिरफ्तार कर लिया है। इस तरह अब तक हाथरस पुलिस ने कुल 9 अभियुक्तों को गिरफ्त में ले लिया है। हाथरस पुलिस के अनुसार अभियुक्तों से पूछताछ में पता चला है कि इनसे विगत कुछ समय पूर्व कुछ राजनीतिक पार्टियों द्वारा सम्पर्क किया गया था। ऐसे में फंड इकट्ठा करने के सम्बन्ध में गहराई से जांच की जा रही है कि कहीं इस तरह के कार्यक्रम तथा अन्य संसाधन किसी राजनीतिक पार्टी से पोषित तो नहीं है।

### बैंक खाते, चल-अचल सम्पत्ति, मनी ट्रेल की हो रही जांच

हाथरस के एसपी निपुण अग्रवाल ने बताया कि देवप्रकाश मधुकर को हाथरस की जनपदीय एसओजी द्वारा शुक्रवार को देर शाम नजफगढ़ (दिल्ली) से गिरफ्तार किया गया था, जबकि सिकन्द्राराऊ पुलिस द्वारा शनिवार को अभियुक्त रामप्रकाश शाक्य को कैलोरा चौराहा से तथा अभियुक्त संजू यादव को गोपालपुर कचौरी, सिकन्द्राराऊ से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि अभियुक्त देवप्रकाश मधुकर इस संगठन में काफी दिनों से जुड़े होने के कारण संगठन का फंड रेजर बन गया था और संगठन को संचालित करने तथा सत्संग इत्यादि कराने के लिए पैसे इकट्ठा कर रहा था। अब तक की पूछताछ से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि कोई राजनीतिक दल अपने राजनीतिक व निजी स्वार्थ्य के लिए इनसे जुड़े है। अभियुक्त देवप्रकाश मधुकर से जुडे हुए समस्त बैंक खाते, चल-अचल सम्पत्ति, मनी ट्रेल इत्यादि की जांच की जा रही है जिसमें आवश्यकतानुसार अन्य एजेन्सियों से भी सहयोग लिया जाएगा।

### जानबूझकर भीड़ के बीच से निकाली गई प्रवचनकर्ता की गाड़ी

हाथरस पुलिस के अनुसार, पूछताछ में यह भी प्रकाश में आया है कि इनके और इनके सेवादरों द्वारा प्रवचनकर्ता की गाड़ी को भीड़ के बीच से निकाला गया, जबकि इनको इस तथ्य की जानकारी थी कि भीड़ से गाड़ी निकालने के समय चरणरज के लिए भगदड़ मचने से भयानक दुर्घटना हो सकती थी। इसके अतिरिक्त इस तथ्य की भी गहराई से जांच की जा रही है कि यह घटना आयोजक सेवादारों द्वारा किसी के कहने या दुष्प्रेरित करने से तो नही कराई गई है। पुलिस के अनुसार, आवश्यकतानुसार गिरफ्तार सेवादार, आयोजकों को पुलिस कस्टडी रिमांड में लेकर पूछताछ की जाएगी।

### भीड़ को संभालने का नहीं किया गया कोई प्रयास

पुलिस ने बताया कि प्रारम्भिक पूछताछ पर अभियुक्त देवप्रकाश मधुकर द्वारा अवगत कराया गया है कि वह जनपद एटा में वर्ष 2010 से मनरेगा में जूनियर इंजीनियर के पद पर संविदा पर कार्यरत है। वह इस संगठन से वर्षों से जुडा है और इस संगठन के कार्यक्रम आयोजित कराना तथा संगठन के लिए फंड इकट्ठा करने का काम करता है। वह 2 जुलाई को ग्राम फुलरई में आयोजित सत्संग के कार्यक्रम का मुख्य आयोजक था तथा इस कार्यक्रम की अनुमति उसी के द्वारा ली गई थी। अभियुक्त देवप्रकाश एवं अन्य सेवादारों के द्वारा पुलिस प्रशासन को कार्यक्रम स्थल के अन्दर किसी भी तरह के हस्तक्षेप से रोका गया। कार्यक्रम स्थल पर किसी भी व्यक्ति को वीडियोग्राफी अथवा फोटोग्राफी करने से रोका जाता था। प्रशासन द्वारा निर्गत अनुमति पत्र में वर्णित अनेक शर्तों का उल्लंघन करते हुए यातायात व्यवस्था इत्यादि को प्रभावित किया गया। पूछताछ से यह भी स्पष्ट हुआ है कि इनके द्वारा भीड़ को सम्भालने का कोई प्रयास नही किया गया तथा सभी मौके से फरार हो गए।

# सेवानिवृत्त निरीक्षक के पेन्शन खाते से हैकरों ने उठाए 4,77,829 रुपए,

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । आशियाना थाना क्षेत्र में रहने वाले एक सेवानिवृत्त निरीक्षक के पेन्शन खाते से साइबर हैकरों ने 4,77,829 रुपए पार कर दिया। जिसकी जानकारी उसे पासबुक में इन्ट्री कराने पर हुई। जिसकी शिकायत पीड़ित ने साइबर सेल सहित स्थानीय थाने में पुलिस से की है ।आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित मान सरोवर योजना एलडीए कालोनी निवासी जितेंद्र सिंह पुत्र स्व0 श्याम नारायण सिंह के अनुसार वह निरीक्षक पद से सेवानिवृत्त है और उनका पेन्शन खाता स्टेट बैंक आफ इण्डिया जेल रोड लखनऊ शाखा में है। पीड़ित का पेन्सन जवाहर भवन लखनऊ ट्रेजरी से इसी खाते में आता है। वही पीड़ित का आरोप है कि बीते 1 अप्रैल से 30 जून तक उसके पेन्शन खाते से साइबर हैकरों ने 4,77,829 रुपए पार कर दिया। जिसकी जानकारी उसे पासबुक इन्ट्री कराने के दौरान हुई। वही पीड़ित का आरोप है कि कूटरचित दस्तावेज तैयार कर छल द्वारा गलत नियत से उसके खाते से पैसे निकाल लिए गए हैं जिसकी कोई सूचना या एस एम एस बैंक द्वारा उसे नही मिला ।जिसकी जानकारी होने पर उसने साइबर सेल सहित स्थानीय थाने में पुलिस से शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़ित की शिकायत पर आईटी एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# बंद मकान का ग्रिल तोड़ घुसे चोर

**कीमती घरेलू सामान चोरी, रिपोर्ट दर्ज**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । आशियाना थाना इलाके में घूम रहे बेखौफ चोरों ने एक बंद मकान का ग्रिल तोड़ घुस घर व अलमारी का लाकर तोड़ खंगालने के साथ कीमती घरेलू सामान चोरी कर फरार हो गए चोरी की जानकारी होने पर पीड़ित ने स्थानीय थाने में पुलिस से शिकायत की है। आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित सेक्टर एच एलडीए कालोनी निवासी प्रवेन्द्र सिंह के अनुसार वह बीते 5 जुलाई को अपने उक्त मकान पर पहुंचा तो उसके मकान की खिडकी की ग्रिल टूटी हुई मिली और घर के अंदर सारा सामान अस्त व्यस्त पडा हुआ था और अलमारी के ताले टूटे खुले हुए थे और बैंक लौकर की चाभी और पेपर्स मेनहोल कवरर्स, पानी की मोटर इनवर्टर बैटरी, ए0सी0 स्टेबलाइजर, बाथरुम फिटिंग्स बर्तन चोरी चले गए थे ।वही पीड़ित का कहना था कि चोरों ने उसके घर के बाहर के गेट की रेलिंग उखाडने का प्रयास किया ।जिसकी जानकारी होने पर पीड़ित ने स्थानीय थाने में पुलिस से शिकायत किया। पुलिस के अनुसार पीड़ित की शिकायत पर चोरी की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश की जा रही है।

# मंत्री नगर विकास ए.के. शर्मा ने महाकुम्भ-2025 की तैयारियों के दृष्टिगत कराये जा रहे कार्यों के प्रगति की समीक्षा की

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ/प्रयागराजः उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा ने शनिवार को प्रयागराज के सर्किट हाउस के सभागार में महाकुम्भ-2025 की तैयारियों के सम्बंध में कराये जा रहे कार्यों के प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को अपने कार्यों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ अनिवार्य रूप से पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि सभी स्थायी कार्य निर्धारित समय सीमा में अवश्य पूर्ण करा लिए जाये ।महाकुम्भ-2025 के दृष्टिगत नगर निगम में शामिल किए गए विस्तारित क्षेत्रों में भी महाकुम्भ से पहले आवश्यक सुविधाएं यथा-पानी, सड़क, स्ट्रीट लाइट के कार्य समय से पूर्ण हो, महाकुम्भ के दृष्टिगत जो भी स्थायी कार्य कराये जा रहे है, उन्हें पूर्ण गुणवत्ता के साथ बनाया जाये, जिससे महाकुम्भ के पश्चात भी उन कार्यों में कोई कमी न आने पाये और प्रयागराज की एक अलग पहचान हमेशा बनी रहे। उन्होंने मुख्य सड़कों के साथ-साथ गलियों में बनायी जाने वाली आंतरिक सड़कों को भी पूर्ण गुणवत्ता के साथ बनाये जाने के लिए कहा। उन्होंने ग्रीन महाकुम्भ के दृष्टिगत सड़कों पर बने डिवाइडरों के बीच वृक्षारोपण की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के साथ व्यापक संख्या में पौधों का रोपण किए जाने के लिए कहा है, जिससे कि शहर हरा-भरा व सुंदर दिखे। नगर विकास मंत्री ने कहा कि महाकुम्भ-2025 को आउट ऑफ द वर्ल्ड बनाना है, जिससे हमारे जनपद एवं प्रदेश का ही नहीं बल्कि पूरे भारत वर्ष का नाम पूरी दुनिया में ऊंचा हो। उन्होंने महाकुम्भ को सकुशल, सुरक्षित एवं स्वच्छ ढंग से कराये जाने के साथ कुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं को सभी मूलभूत सुविधाओं मिले, इस दृष्टि से कार्य किया जाए, जिससे श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानियों का सामना न करना पड़े।



मंत्री शर्मा ने महाकुम्भ के दृष्टिगत विभागवार कराये जा रहे कार्यों के प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में कुम्भ मेलाधिकारी विजय किरण आनन्द ने बताया कि राज्य सेतु निगम के द्वारा कराये जा रहे कुल 14 कार्यों में तीन कार्य पूर्ण हो चुके है, 11 कार्य निमार्णाधीन है, जिसपर मंत्री जी ने सेतु निगम के अधिकारियों से समय से पीछे चल रही परियोजनाओं में कामिंकों व शिफ्टों की संख्या बढ़ाकर कार्य को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण कराये जाने के लिए कहा। उन्होंने एनएचआई द्वारा बनाये जा रहे रायबरेली-प्रयागराज की प्रगति पर असंतोष जताते हुए कार्य को समय से पूरा कराये जाने के लिए निर्देशित किया। मंत्री जी ने मलाक हरहर से गंगा नदी पर बनने वाले 06 लेन पुल के निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण किए जाने का निर्देश दिया।

बैठक में कुम्भ मेलाधिकारी ने बताया कि संगम से एयरपोर्ट रोड के कायाकल्प की योजना है, जिससे एयरपोर्ट से संगम तक मात्र 40 मिनट में पहुंचा जा सकेगा, का कार्य एवं निमार्णाधीन 09 घाटों का कार्य तेजी से चल रहा है और सभी कार्य अक्टूबर-2024 तक पूर्ण कर लिए जायेंगे।

नगर विकास मंत्री ने परिवहन विभाग की समीक्षा करते हुए सभी बस स्टेशनों पर अतिरिक्त शौचालय बनाये जाने व मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था के साथ इनकी सफाई की उत्तम व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा, जिससे कि श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि शहर की जिन सड़कों का चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है, वहां पर नगर निगम एवं पीडीए की संयुक्त जिम्मेदारी है कि वहां के मलवे को साफ कराकर फिनिशिंग का कार्य एवं बंद हुई नालियों को चालू रखें। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ के समय श्रद्धालुओं का आवागमन मुख्य मार्गों के साथ गलियों से भी होता है, इसलिए गलियों में साफ-सफाई व स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाये।

बैठक में कुम्भ मेलाधिकारी के द्वारा शहर के सौन्दर्यीकरण हेतु कराये जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से बताया गया, जिसपर मंत्री जी ने कहा कि नगर को सुशोभित रखना सभी नगर वासियों की भी जिम्मेदारी है।

## संक्षेप

### पुरानी रंजिश को लेकर दो लोगों पर दर्ज हुआ मुकदमा

बीघापुर, उन्नाव। पुरानी रंजीत को लेकर गाली गलौज व जान से मार देने की धमकी दिए जाने पर पीड़ित ने थाने में तहरीर दिया तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लियो बीघापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम ओसियां निवासी सुनील कुमार पुत्र जुगल किशोर ने थाने में तहरीर देकर कहा कि हमारे ही गांव के शिव प्रताप उर्फ जीतू तथा उसका भाई विष्णु प्रताप उर्फ धरमू पुत्र स्वर्गीय मनेश्वर सिंह पुरानी रंजिश को मानते हुए भद्दी भद्दी गालियां मां बहन की दी जान से मार देने की धमकी दी कहा कि हम तुम्हें छेड़खानी जैसे मुकदमे में फंसा देंगे थाने में दिए गए तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया।

### कल्याणी नदी में डूबे किशोर का 15 घंटे बाद मिला शव

सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के सेवकीखेड़ा गांव में शुक्रवार को कल्याणी नदी में मवेशियों को खदेड़ने गया किशोर तेज बहाव में नियंत्रण नही रख सका और पानी के साथ बह गया ।सूचना पर पहुंची पुलिस उसकी तलाश में जुट गई लेकिन तीन घंटे के बाद भी सफलता नही मिल सकी थी और रात हो गई जिससे उसे खोजने में सफलता नहीं मिली आज सुबह परियर से गोताखोरों को बुलाया गया गोताखोरों ने गांव से लगभग 4 किलोमीटर दूर किशोर का शव पानी से बाहर निकाला कोतवाली के जमालनगर गांव के मजरे सेवकी खेड़ा निवासी रमेश लोधी का 12 वर्षीय पुत्र अजीत शुक्रवार को मवेशियों को चराने गांव के सामने कल्याणी नदी के समीप गया था ।चरते-चरते मवेशी नदी में चले गए ।शाम करीब 4 बजे तक भी मवेशी नदी से बाहर नही निकले तो अजीत उन्हें खदेड़ने के लिए नदी में उतर गया ।लेकिन तेज बहाव के चलते वह नियंत्रण नही रख सका और पानी के साथ बह गया ।यह देख साथी युवकों ने शोर मचाकर मदद की गुहार लगाई और जानकारी उसके परिजनों को दी ।सूचना पर प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच कर ग्रामीणों की मदद से अजीत की खोज शुरू की लेकिन अंधेरा हो जाने से सफलता नही मिल सकी थी ।इंस्पेक्टर ने बताया कि शुक्लागंज से गोताखोरों को बुलाकर तलाश की जाएगी सुबह गोताखोरों ने किशोर का शव पानी से बाहर निकाला शव देखते ही परिजनो में चीख पुकार मच गई पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

### युवक ने निगला जहरीला पदार्थ , हालत गम्भीर

बांगरमऊ, उन्नाव। जहर निगलने से 18 वर्षीय युवक की हालत बिगड़ने पर परिजनों ने आनन-फानन सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बांगरमऊ नगर के मोहल्ला दरगाह शरीफ निवासी मोहम्मद आरिफ 18 पुत्र मोहम्मद असलम ने आज शनिवार शाम अज्ञात कारणों के चलते घर में रखा कोई जहरीला पदार्थ निगल लिया। जहर निगलने के बाद उसकी घर पर अचानक हालत बिगड़ने लगी। हालत बिगड़ती देख परिजन उसे नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया ।जहां पर युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

# राजनैतिक मूल्यों को बचाने के लिए डॉ. श्याम प्रसाद मुखर्जी ने जन संघ की स्थापना की

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। भाजपा द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर मोती नगर स्थित विशाल कांटिनेंटल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि सहकारिता मंत्री जे. पी. एस. राठौड़ सम्मिलित हुए और वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ डॉ. मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की ।

अपने उद्बोधन में उन्होंने बताया डॉ. मुखर्जी जनसंघ के संस्थापक सदस्य व भारतीय जनता पार्टी के वैचारिक आधार हैं ।कश्मीर से धारा 370 हटने की नींव में डॉ. मुखर्जी जैसे महापुरुषों का त्याग शामिल है ।देश में एक निशान , एक विधान और एक प्रधान के लिए डॉ. मुखर्जी ने अपने जीवन का भी बलिदान दे दिया ।राष्ट्र




के प्रति डॉ. मुखर्जी और प. दीन दयाल उपाध्याय जैसे महापुरुषों ने जीवन पर्यन्त संघर्ष किया ।इन महापुरुषों के आदर्शों पर चल कर ही भाजपा 2 सांसदों से आज यहाँ तक पहुँची है ।हमारे कई महापुरुष कार्यकताओं ने लोकतंत्र की लड़ाई लड़ते हुए जीवन का बलिदान दिया ।कश्मीर के मुद्दे पर लड़ाई लड़ते हुए डॉ. मुखर्जी की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गयी जिसका रहस्योद्घाटन कांग्रेस ने कभी नहीं होने दिया ।राहुल गांधी संविधान बचाने की बात करते हैं मैं उनको बताना चाहता हूं की उनकी दादी ने सिर्फ अपने राजनैतिक वर्चस्व को बचाने के लिए न केवल लोगों को जेल में डाला बल्कि नागरिकों के लोकतांत्रिक अधिकारों का भी हनन किया ।जिस तरह राजनैतिक मूल्यों की हत्या कांग्रेस ने की वैसा किसी सरकार ने नहीं किया । भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार , जनप्रतिनिधियों , वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा मुख्य अतिथि का माला पहनाकर व पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनन्दन किया गया ।कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष भाजपा अवधेश कटियार , विधायक बांगरमऊ श्रीकांत कटियार , विधायक सदर पंकज गुप्ता , विधायक सफीपुर बम्बालाल दिवाकर , विधायक मोहान बृजेश रावत , विधायक पुरवा अनिल सिंह , विधायक भगवन्त नगर आशुतोष शुक्ला , पूर्व जिलाध्यक्ष आनन्द अवस्थी , पूर्व जिलाध्यक्ष प्रभान शंकर दीक्षित , पूर्व जिलाध्यक्ष गंगा प्रसाद वर्मा , जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष अरुण सिंह , प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राम चन्द्र वर्मा , कार्यक्रम संयोजक आशीष बाजपेयी , सह संयोजक कृष्ण कुमार वर्मा , उन्नाव चेयरमैन प्रतिनिधि प्रवीण मिश्रा भानू , ब्लॉक प्रमुख बिछिया नीरज गुप्ता समेत कई वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी , कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# डीएम की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में 308 शिकायते आई 24 का हुआ निस्तारण

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में आज स्थानीय तहसील जनसभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस (तहसील दिवस) संपन्न हुआ। जिसमें कुल 308 शिकायतें प्राप्त हुईं । इनमें से मौके पर 24 शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया ।जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की काफी भीड़ रही। सुबह 10:00 बजे शुरू हुए संपूर्ण समाधान दिवस का संचालन उप जिलाधिकारी नम्रता सिंह ने किया। काफी विलंब से तहसील पहुंचे जिलाधिकारी को देखते ही फरियादियों की काफी लंबी कतार लग गई। स्थानीय पुलिस बल ने फरियादियों को क्रमवार ढंग से बारी-बारी से जनसभागार में जाने दिया तब कहीं जाकर भीड़ पर काबू पाया जा सका। संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग



के 141, गृह विभाग के 52, चकबंदी विभाग के 23, विकास विभाग के 23, खाद्य एवं रसद विभाग के 9, विद्युत विभाग के 8, अन्य 52 सहित कुल 308 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए ।जिसमें से मौके पर 24 शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया। तहसील सभागार में लगे पंखे खराब होने के कारण उमस भरी भीषण गर्मी से अधिकारियों व फरियादियों का बुरा हाल रहा। फरियादियों की भारी भीड़ के चलते निर्धारित समय 2 बजे बीत जानें के बाद भी 2:30 बजे तक संपूर्ण समाधान दिवस चलता रहा। जिलाधिकारी ने सभी प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों को गंभीरता से लेते हुए निर्धारित समय सीमा के अंदर निस्तारित किए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीना, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी अरविंद कुमार चौरसिया, तहसीलदार रामाश्रय सहित सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# फसल की रखवाली करने गए किसान की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अचलगंज थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव के रहने वाले एक किसान की बीती देर रात खेतों में खड़ी फसल को रखवाली करने के लिए घर से निकला था। लेकिन रास्ते में रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आने से उसके दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे पुलिस ने शव को रेलवे ट्रैक से हटकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और घटना की जानकारी परिजनों को दी।

जानकारी के अनुसार अचलगंज थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव का रहने वाला धर्मेंद्र (42) पुत्र भिखारी सदर कोतवाली क्षेत्र के बलवंत खेड़ा के मजरा मगरवारा का मूल रुप से रहने वाला था। बीती देर रात हुआ खेतों में बोई मक्का की फसल को ताकने के लिए घर से पैदल निकल गया। रास्ते में रायबरेली उन्नाव रेलवे ट्रैक पर प्रयागराज पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आने से मौत होने की संभावना जताई गई। रेलवे ट्रैक पर शव को पड़ा देखा ट्रेन की चालक ने ट्रेन रोक दी और घटना की जानकारी आरपीएफ को दी। सूचना पर पहुंची आफ ने रेलवे ट्रैक से शव को हटाया जिसके बाद ट्रेन आगामी स्टेशन की ओर रवाना हुई। उधर पुलिस ने गांव के लोगों को बुलाकर शिनाख्त कराई और घटना की जानकारी परिजनों को दी। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक खेती किसानी करके परिवार का भरण पोषण करता था। मृतक की पत्नी समेत उसके तीन बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। अचलगंज थाना प्रभारी संजीव ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# महापुराण कथा प्रारंभ से पूर्व निकाली गई कलश यात्रा

अमन लेखनी समाचार


सफीपुर, उन्नाव। श्रीमद् भागवत महापुराण कथा प्रारंभ से पूर्व सफीपुर नगरमें विशाल कलश यात्रा निकाली गई। जिसका शुभारंभ सनातन प्रेमियों द्वारा सफीपुर नगर के प्रसिद्ध मोटिवेशन महादेव मंदिर से किया गया। जिसमें महिलाएं पीले वस्त्र धारण कर सिर पर कलश लिए मंगल गान करती हुई तथा भगवत प्रेमी भक्तजन हरिहर का गुणगान करते चल रहे थे। प्रसिद्ध कथा व्यास देवकीनंदन जी महाराज के द्वारा रास बिहारी जी एवं ईश्वर के प्रति अनेक भक्ति मय गुण गान करते हुए कलश यात्रा चल रही थी। कलश यात्रा मोटेश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर नगर पंचायत एवं गुलाब रोड से मुख्य मार्ग होते हुए शंकरी देवी मंदिर पहुंची। जहां पर पूजन अर्चन कर पुनः मुख्य मार्ग होते हुए स्टेशन रोड स्थित राम श्याम गेस्ट हाउस पर कलश यात्रा का समापन किया गया। ज्ञात हो



कि 6 जुलाई से 12 जुलाई 2024 नगर के भगवती चरण वर्मा पार्क में संपन्न होने वाली भागवत कथा का स्थान बरसात के दृष्टिगत परिवर्तित कर नगर के ही राम श्याम गेस्ट हाउस में कर दिया गया है। कथा आयोजन घनश्याम गुप्ता ने बताया कि अमृतमयी भागवत कथा का समय सायं 7:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक सुनिश्चित हुआ है। कलश यात्रा में नगर व क्षेत्र के अनेक सनातनी व भागवत प्रेमी सम्मिलित हुए जिनमें प्रमुख रूप से नगर पंचायत सफीपुर अध्यक्ष प्रतिनिधि सौरभ बाजपेई राजा बेटा, सकट गुप्ता, विनय गुप्ता, ओंकारनाथ गुप्ता, शिव बालक सिंह सहित अन्य अनेकों भक्तजन सम्मिलित हुए। वहीं सफीपुर कोतवाली प्रभारी श्याम नारायण सिंह के निर्देश पर कस्बा इंचार्ज अरविंद रघुवंशी, अन्य पुलिस कर्मियों सहित कांस्टेबल गिरीश कुमार एवं महिला पुलिस बल शांति सुरक्षा की दृष्टिगत मौके पर डटा रहा।

# सर्प दंश से किशोर की मौत, परिजनो में मचा कोहराम

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बारासगवर अंतर्गत कमरे में सो रहे 11 वर्षीय किशोर की सर्प दंश से उपचार दौरान मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमॉर्टम हेतु भेज दिया है। थाना क्षेत्र के निदानखेडा निवासी भोले 11 वर्ष पुत्र अशोक कुमार अपने बड़े भाई दीपक के साथ घर के कमरे में बेड पर एकसाथ ही सो रहा था रात करीब 11 बजे जहरीले कीड़े ने भोले के दाहिने हाथ की छोटी उंगली में काट लिया साथ ही हाथ मे लिपट भी गया। भोले की चीख सुनकर घर वाले जग गए ।जब उन्होंने भोले के हाथ पर साँप लिपटा देखा डर के मारे सब लोग कांपने लगे। किसी तरह भोले के हाथ से साँप को हटाया गया । मौका पाकर साँप कमरे में ही छुप गया जिसको दूसरे दिन भी ढूढ़ा जाता रहा। सर्पदंश का शिकार किशोर भोले को उपचार हेतु पास के ही एक गाँव बैदरा में किसी वैद्य के पास ले जाया गया। पुलिस को सूचना मिलने पर थाना सब इंस्पेक्टर मानिक राम वर्मा मौके पर पहुँचे ।लाभ मिलता न देख परिजन गाँव के प्रधान मोनू तिवारी को साथ जिला अस्तपताल ले गए ।जिला अस्तपताल में उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए हैलेट कानपुर रिफर कर दिया गया रास्ते मे किशोर की मौत हो गई पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमाटर्म हेतु जिला अस्तपताल भेज दिया। क्षेत्रीय लेखपाल जितेंद ने बताया रिपोर्ट बना कर शासन को भेजी जा रही है। म्रतक किशोर का एक बड़ा भाई दीपक व एक बहन अंजली है। माता नीलम देवी के साथ पिता अशोक कुमार का रो रो कर बुरा हाल है।

# सीडीओ की अध्यक्षता में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। संपूर्ण समाधान दिवस सीडीओ की अध्यक्षता में संपन्न हुआ कुल 281 फरियादियों ने न्याय की गुहार लगाई जिनमे राजस्व 147,विकास 43,पुलिस 41,अन्य 50 सहित राजस्व संबंधित 11मामले निस्तारित किए गए

संपूर्ण समाधान दिवस में सीडीओ प्रेम शंकर मीणा ने फरियादियों की समस्याओं को सुना जिसमें चांदपुर झलिहाई धर्मेंद्र पुत्र ठाकुर प्रसाद ने शिकायती पत्र देकर बताया कि दिव्यांग होने के बावजूद भी आवास सूची में ग्राम विकास अधिकारी ने नाम नहीं डाला जिस पर सीडीओ ने एडीओ पंचायत को जांच करने की निर्देश दिए,



रेनू खैराबाद निवासी ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि चकरोड को गांव के ही रामनरेश अखिलेश आदि लोगो ने कब्जा कर रखा है जिस पर सीडीओ में तहसीलदार से जांच कर रिपोर्ट शाम तक भेजने की निर्देश दिए, इस मौके पर एसडीएम राम देव निषाद, सीओ संतोष सिंह ,तहसीलदार तरुण प्रताप सिंह, नायब तहसीलदार पूर्णिमा तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में 121 शिकायत पत्र पांच का हुआ निस्तारण




अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। तहसील मुख्यालय पाटन में एडीएम न्यायिक विकास कुमार की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न हुआ जिसमें 121 शिकायतें प्राप्त हुई। मौके पर पांच का निस्तारण किया गया राजस्व की 66 पुलिस विभाग की 24 शिकायत के प्रमुख रही हैं ।पाही हरदो के राम रंग चेतन ने चक मार्ग खाली कराए जाने, मधुकर खेड़ा के सुरेश कुमार ने गांव के ही व्यक्ति द्वारा झूठे प्रार्थना पत्र देखकर नाहक परेशान किए जाने, चिकंदरपुर के जितेंद्र सिंह ने गांव के खडंजे व रास्ते ठीक कराए जाने तथा मलौना की विमला देवी में नाबालिक बेटी के अपहरण हो जाने के बाद भी पुलिस द्वारा कार्रवाई न किए जाने की शिकायत दर्ज की। एडीएम ने संबंधित को आदेश देकर निस्तारण का निर्देश दिया। इसमें एसडीएम क्षितिज द्विवेदी, नायब तहसीलदार स्नेहा यादव, बीडीओ बीघापुर विनोदमणि त्रिपाठी, एसडीओ विद्युत राहुल अवस्थी, पूर्ति निरीक्षक दिनेश चंद्र रहे।

# जगन्नाथ रथ यात्रा समिति की तीसरी बैठक का आयोजन

अमन लेखनी समाचार




शुक्लागंज, उन्नाव। शनिवार को राजधानी मार्ग स्थित सब्जी मंडी में श्री मद भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा समिति की तृतीय बैठक का आयोजन समिति के अध्यक्ष वीरेन्द्र शुक्ला जी के आवास पर किया गया। जिसमे समिति के पदाधिकारियों एवं युवा मण्डल के सदस्यों ने आज निकलने वाली यात्रा को लेकर चर्चा की। भगवान जगन्नाथ जी के रथ पर बैठकर अध्यक्ष वीरेन्द्र शुक्ला, महामंत्री अंजनी अग्निहोत्री, कोषाध्यक्ष कमल वर्मा, पदाधिकारी अरुण शुक्ला प्रसाद वितरण करेंगे। समिति के अध्यक्ष वीरेन्द्र शुक्ला जी ने बताया कि श्री मद भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा माँ बालेश्वरी स्मृति भवन नेहरू नगर शुक्लागंज मे प्रारम्भ होकर जोगा भोगा होते हुये अम्बिका प्रसाद स्कूल के सामने से घूमकर राजधानी मार्ग थाने के सामने से पोनी रोड में लकी साड़ी सेन्टर से शशी विला गेस्ट हाउस होते हुये प्रेम नगर, शक्ति नगर, सीताराम कालोनी से नये पुल होते हुये गंगाघाट थाने के सामने से वापस होकर सब्जी मंडी में कमल ज्वैलर्स की दुकान पर यात्रा का विश्राम होगा। इस मौके पर दिलीप शुक्ला, मनमोहन दीक्षित, नितिन दीक्षित, नीलकमल दीक्षित, शिवम मिश्रा, अनूप साहू, राहुल यादव, करन भारती मौजूद रहे।

# जनपद न्यायालय प्रांगण में वृहद वृक्षारोपण का कार्यक्रम हुआ सम्पन्न




अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। वृहद वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, के तत्त्वाधान में प्रतिमा श्रीवास्तव, जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जनपद न्यायालय, उन्नाव के प्रांगण में वृक्षारोपण कर उपरोक्त अभियान का शुभारंभ किया गया जिसमें प्रतिमा श्रीवास्तव, सहित अपर जिला जज/सचिव मनीष निगम एवं अन्य न्यायिक अधिकारियों ने न्यायालय परिसर में कई फलदार, फूलदार पौधों के साथ-साथ औषधि युक्त पौधे लगाए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उन्नाव के समस्त कर्मचारीगण एवं पराविधिक स्वयंसेवक तथा सिविल कोर्ट उन्नाव के समस्त कर्मचारीगण ने भी वृक्षारोपण करके अभियान में सहयोग दिया।

### झमाझम बारिश से उफना पड़े नाले बढ़ी राहगीरों की मुश्किलें

अमन लेखनी समाचार

शुक्लागंज, उन्नाव। शुक्रवार को पूरे दिन आसमान में काले बादल छाये रहे। देर रात रिमझिम बारिश शुरू हुई, जिसके बाद शनिवार शाम तक कई बार हुई झमाझम बारिश से राजधानी मार्ग के दोनों ओर बने नाले उफना गये। नगर पालिका क्षेत्र तक फोरलेन नाले से पानी आगे की ओर चला गया। नहीं तो फोरलेन पर भीषण जलभराव हो जाता है। वहीं बारिश होने से नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में भीषण जलभराव हो गया। जिससे लोगों का निकलना दूभर हो गया। जलभराव से राहगीरों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता। बारिश से गोपीनाथपुरम, नेहरु नगर, ऋषि नगर आदि मोहल्लों की गलियां उफना गई। जिससे यहां के रहने वाले लोगों को आने जाने में दिक्कतें उठाने पड़ी। इसके अलावा निहाल खेड़ा और पोनी के पास एनडीएन पब्लिक स्कूल के प्रबंधक बीपी निषाद ने जिलाधिकारी के पोर्टल पर शिकायत करते हुये बताया कि उनके स्कूल के पास दस मीटर चौड़ा गलियारा है। कास्तकारों ने अवैध कब्जा कर रखा है। जल निकासी न होने से बारिश का पानी भरा हुआ है। ऐसे में बच्चों को आने जाने में दिक्कतें उठानी पड़ रही है।

### कोर्ट ने सुनाया दो साल की सजा व दस हजार का जुर्माना

अमन लेखनी समाचार

शुक्लागंज, उन्नाव। श्रीनगर के रहने वाले ललित बाजपेयी उर्फ राहुल पर वर्ष 2022 में गैंगस्टर के तहत मुकदमा दर्ज किया था। जिसका मामला कोर्ट में चल रहा था, शनिवार को मामले की अंतिम सुनवाई हुई। जहां पुलिस की प्रभारी पैरवी और अभियोजन पक्ष की दलील के चलते गैंगस्टर कोर्ट ने आरोपित पर दोष सिद्ध हुआ। इसमें अभियोजन विभाग के एपीपी हरीश अवस्थी, विश्वास त्रिपाठी, अलंकार द्विवेदी, विवेचक तत्कालीन प्रभारी प्रमोद कुमार मिश्रा का विशेष योगदान रहा। कोर्ट ने आरोपी को दो साल की सजा के साथ ही दस हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है।

# किसान के बेटे ने 44 वी रैंक हासिल कर जनपद का नाम किया रोशन

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बीघापुर,तहसील क्षेत्र के ग्राम साढेमऊ निवासी विनोद सिंह प्रधान करनाईपुर के पुत्र रोहन सिंह ने यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन परीक्षा मे आल इंडिया 44वी रैंक हासिल कर गांव व जिले का नाम रोशन किया है ।उनका चयन सी ए पी एफ ग्रुप ए मे असिस्टेंट कमान्डेंट के पद पर हुआ है ।

रोहन सिंह दिल्ली मे अपने ताऊ अशोक सिंह व चाचा दिलीप सिंह अधिवक्ता दिल्ली उच्च न्यायालय के साथ रह कर पढाई किया ।इनके पिता गांव मे रहकर खेती का कार्य करते है वही माता सुमन सिंह गृहणी है ।उन्होंने इन्द्रप्रस्थ विश्व विद्यालय दिल्ली से बीटेक व नेता जी सुभाष चंद्र बोस तकनीकी संस्थान से एम टेक किया है ।इस दौरान कैम्पस सलेक्शन मे प्रतिष्ठित कम्पनी सैमसंग मे 15 लाख के सालाना पैकेज पर सलेक्शन हो गया था ।देश सेवा लिए प्राइवेट कम्पनी छोड़कर कर रोहन ने घर पर ही रह कर यू पी एस सी की परीक्षा की तैयारी की ।बिना कोचिंग की सहायता यह सफलता दूसरे अटेम्ट मे प्राप्त किया है ।पहले अटेम्प्ट मे भी मौखिक परीक्षा तक पहुँचे थे ।

रोहन ने अपनी सफलता का श्रेय अपने प्रेरणास्रोत ताऊ अशोक सिंह एव चाचा दिलीप सिंह को देते है ।दूरभाष पर हुई वार्ता मे उन्होंने अपना लक्ष्य आई ए एस बन कर देश व जनता की सेवा करना बताया है ।।

उनकी सफलता पर खंड विकास अधिकारी शुची गुप्ता, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि बीघापुर प्रकाश सिंह शिक्षक संघ अध्यक्ष बीघापुर विश्वनाथ सिंह ,पूर्व ब्लॉक प्रमुख राम चन्द्र सिंह पप्पू, ब्लॉक प्रमुख पति पवन पासवान, सिंह,योगेश बाजपेई, बैजनाथ सिंह मुन्ना सिंह मंडफहा, वरिष्ठ पत्रकार अविनाश वाजपेई, पत्रकार संजय त्रिवेदी,पत्रकार कुलदीप अग्निहोत्री, प्रमुख प्रतिनिधि सुमेरपुर, राहुल सिंह, प्रबंधक, शिक्षक नेता भगवती सिंह, , जयविन्द सिह, संजय शुक्ला, आशुतोष सिंह एडवोकेट, भोले सिंह प्रधान , प्रधान संघ अध्यक्ष बीघापुर पत्रकार मनोज सिंह , प्रिन्सू सिंह प्रधान संघ अध्यक्ष सुमेरपुर ने हर्ष व्यक्त कर बधाई दी है।

## सम्पादकीय

# हंगामा, नारेबाजी संसद की प्रकृति न बन जाएं

मोदी 3.0 सरकार के पहले संसद सत्र लक्ष्य के अनुरूप ही चले। सांसदों का शपथग्रहण हुआ, राष्ट्रपति का अभिभाषण हुआ, अभिभाषण पर चर्चा हुई, चर्चा के दौरान विपक्ष ने जहां सरकार पर अनेक आरोप लगाए, वहीं सरकार ने विपक्ष के आरोपों का जवाब दिया। पहली बार राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष के तौर पर संसद में अभिभाषण पर चर्चा में शामिल हुए। उन्होंने विषयान्तर होकर सरकार पर अनेक आरोप चस्पा किए, जिसमें सरकार को तुरंत हस्तक्षेप भी करना पड़ा। हालांकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने धन्यवाद संबोधन में लोकसभा व राज्यसभा में विपक्ष के हर आरोप का न केवल जवाब दिया बल्कि कांग्रेस को कटघरे में खड़ा भी किया। इस छोटी अवधि के सत्र की सबसे बड़ी खामी यह दिखी कि सत्ता पक्ष ने जिस धैर्य के साथ नेता प्रतिपक्ष समेत सभी विपक्षी वक्ताओं को सुना, विपक्ष ने ऐसा नहीं किया, पीएम के जवाब के दौरान कांग्रेस समेत विपक्षी सांसद होहल्ला करते रहे, नारेबाजी करते रहे, व्यवधान पैदा करते रहे। सुनाने के साथ सुनने की भी शिष्टता की जरूरत होती है। विपक्षी खासकर कांग्रेस सदन के कामकाज में खलल डालने में सबसे आगे रही। केवल आरोप लगा देना ही काफी नहीं है, उसका जवाब सुनना भी आवश्यक है। पीएम मोदी के संबोधन के दौरान लोकसभा व राज्यसभा में कांग्रेस सांसदों ने जिस प्रकार सयास व्यवधान डाला, शोरगुल किया, वह अशोभनीय है, संसद की गरिमा के खिलाफ है। सांसदों का सदन में दायित्व है कि जब कोई संसद सदन में अपनी बात रखें तो उपस्थित सांसदों को उसे शांतचित्त से सुनना चाहिए। होहल्ला करने से कोई किसी की बात न सुन सकेगा, न समझ सकेगा और न संवाद प्रेषित हो सकेगा। लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका अहम है, लेकिन वह रचनात्मक होनी चाहिए, अवरोधक नहीं होनी चाहिए। दुर्भाग्य से हमारी संसद में विपक्ष ने अपनी भूमिका अवरोधक की तय कर ली है। विपक्ष को भ्रम हो गया है कि जनादेश उसके पक्ष में है, जबकि ऐसा नहीं है। देश की जनता ने जनादेश मोदी नीत राजग को दिया है, इसजिए राजग ने लगातार तीसरी बार केंद्र में सरकार बनाई है। राहुल गांधी को यह भी भ्रम है कि भाजपा व संघ के लोग ऐसे हिंदू हैं जो हिंसा की बात करते हैं, जबकि ऐसा नहीं है, यह हिंदू के एक बड़े वर्ग को अपमानित करने जैसा है। पीएम मोदी ने नीट पर विपक्ष के सवालों का जवाब दिया कि एक भी दोषी बख्शे नहीं जाएंगे। कश्मीर में आतंकवादी घटनाओं को लेकर विपक्ष के आरोपों पर पीएम ने जवाब में कहा कि घाटी में आतंकवाद अंतिम चरण में है, सरकार इसके खात्मे करने को लेकर प्रतिबद्ध है। भ्रष्टाचार बढ़ने के विपक्ष के आरोपों पर पीएम ने कहा कि सरकार ने करप्शन के खिलाफ काम कर रही एजेंसियों को खुली छूट दे रखी है, दोषी कटघरे में खड़े किए जाएंगे। पीएम ने सदन को आश्वस्त भी किया कि उनके नेतृत्व वाली सरकार के आने वाले पांच वर्ष गरीबों के खिलाफ लड़ाई के लिए निर्णायक हैं। आज ही आर्थिक शोध संस्थान नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लायड एकोनॉमिक रिसर्च ने अपने शोधपत्र में दावा किया है कि कोविड महामारी से उत्पन्न चुनौतियों के बावजूद भारत में गरीबी वित्त वर्ष 2011-12 के 21.2 प्रतिशत से घटकर 2022-24 में 8.5 प्रतिशत पर आ गई। यह मोदी सरकार के दस साल की कार्यावधि की बड़ी उपलब्धि है कि गरीबी में 12.5 फीसदी के करीब कमी आई है। ये आंकड़े बताते हैं कि मोदी सरकार की नीति भी सही है और नीयत भी। मोदी सरकार जनकल्याण की भावना राष्ट्र के विकास व गरीबी उन्मूलन के लिए काम कर रही है। संसद में विपक्ष को हंगामे का प्रतीक बनने की बजाय रचनात्मक लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए काम करना चाहिए।



संसद

उमेश चतुर्वेदी

# ...गरिमापूर्ण बना रहे लोकतंत्र

> 1999 के आम चुनाव में मधेपुरा सीट से शरद यादव के हाथों हारने के ठीक तीन साल बाद लालू यादव राज्यसभा पहुंचे। संसद के दोनों सदनों की एक परिपाटी रही है। जब भी कोई नया सदस्य बोलता है, पूरे सदन से उम्मीद की जाती है कि उससे टोका-टाकी ना हो, लेकिन नए सदस्य से भी उम्मीद की जाती है कि वह भी अपने भाषण में ऐसे मुद्दों को ना शामिल करे, जो विवादित हों। लालू यादव कहां मानने वाले थे। भाषण के शुरूआत के कुछ ही देर बाद वे उन सारे मुद्दों पर आ गए, जिन पर सदन में शोरशराबा होना लाजिमी था। राज्यसभा की तत्कालीन उपसभापति नजमा हेपतुल्ला ने लालू यादव के भाषण पर तत्काल रोक लगा दी थी।

वर्ष 1999 के आम चुनाव में मधेपुरा सीट से शरद यादव के हाथों हारने के ठीक तीन साल बाद लालू यादव राज्यसभा पहुंचे। संसद के दोनों सदनों की एक परिपाटी रही है। जब भी कोई नया सदस्य बोलता है, पूरे सदन से उम्मीद की जाती है कि उससे टोका-टाकी ना हो, लेकिन नए सदस्य से भी उम्मीद की जाती है कि वह भी अपने भाषण में ऐसे मुद्दों को ना शामिल करे, जो विवादित हों। लालू यादव कहां मानने वाले थे। भाषण के शुरूआत के कुछ ही देर बाद वे उन सारे मुद्दों पर आ गए, जिन पर सदन में शोरशराबा होना लाजिमी था। शोर बढ़ता देख राज्यसभा की तत्कालीन उपसभापति नजमा हेपतुल्ला आसन पर पहुंची, क्योंकि तब आसन कोई और संभाल रहा था। उन्होंने लालू यादव के भाषण पर तत्काल रोक लगा दी। उन्हें समझाया कि एक राज्य के मुख्यमंत्री रहे और एक पार्टी के अध्यक्ष से ऐसी असंसदीय परंपरा की उम्मीद नहीं की जा सकती। लालू यादव ने आसन की बात मानी और फिर उन्होंने अपना भाषण पूरा किया।

इसके बरक्स आज की संसद को हमें देखना चाहिए। हमने जिस संसदीय लोकतंत्र को स्वीकार किया है। वह एक तरह से ब्रिटेन की कॉपी है। ब्रिटेन की संसद में कई अच्छी परंपराएं हैं। जैसे संसद का कोई सदस्य किसी पर बिना किसी प्रमाण के आरोप नहीं लगा सकता। सांसद चाहे जिस भी पृष्ठभूमि या दल का हो, वह हवा-हवाई किसी पर आरोप नहीं लगाता। लोकतांत्रिक शासन प्रणाली में संसद को सबसे पवित्र दर्जा हासिल है। इसी पवित्रता बोध पर ही संसदीय परंपराएं निर्मित हुई हैं और उन्हें पल्लवित-पुष्पित किया गया है। देश चाहे जो भी हो, अगर वहां लोकतंत्र मजबूत बना हुआ है तो इसकी बड़ी वजह वहां की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में संसद के प्रति पावन भाव की बड़ी भूमिका है। संविधान सभा की बहसों से जब हम गुजरेंगे तो हमें पता चलेगा कि संविधान निर्माताओं ने अपनी संसद के प्रति भी ऐसा ही भाव रखा था। जिसका कमोबेश हर दल पालन करता रहा है, लेकिन हाल के कुछ वर्षों में संसद को पवित्र जगह मानने का भाव कमजोर हुआ है। कुछ राज्यों की विधानसभाएं अखाड़े में जरूर परिवर्तित होती रही हैं। तमिलनाडु की विधानसभा में जयललिता से हुई बदसलूकी और उत्तर प्रदेश की विधानसभा में हुई खुली मारपीट इसका उदाहरण हैं, लेकिन कुल मिलाकर हर विधानसभा से यही उम्मीद की जाती रही है कि उनके यहां भी पवित्रता बोध से भरी संसद जैसा ही बर्ताव होगा। शायद यही वजह है कि संसदीय कार्यवाही को लेकर खास तरह के आदरभाव की उम्मीद की जाती रही है। हाल के कुछ वर्षों में यह आदरभाव कम हुआ है। इसकी बड़ी वजह यह है कि आज की राजनीतिक पीढ़ी संसद को अपनी भड़ास निकालने और इस पूरी प्रक्रिया में अनर्गल प्रलाप करने का माध्यम तक मान चुकी है। दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार ने इस सोच को एक कदम और आगे बढ़ा दिया। विधानसभा और राज्य का विषय भले ही न हो, लेकिन उस पर विचार के लिए विधानसभा बुला ली संसदीय विशेषाधिकार का इस्तेमाल करते हुए अनाप-शनाप बोला और आरोप लगा दिया। दिल्ली विधानसभा



की तमाम कार्यवाहियों के देखेंगे तो हर बार कुछ दिन ऐसे जरूर रहेंगे, जब सत्ता पक्ष, मुख्यमंत्री या मंत्री केंद्र सरकार, विपक्षी नेता पर आधारहीन आरोप लगाएगा।

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर हुई चर्चा के दौरान राहुल गांधी का भाषण भी अरविंद केजरीवाल मार्का राजनीति का विस्तार लगता है। दरअसल संसद या विधानमंडलों के सदस्यों को एक विशेषाधिकार हासिल है। संसद या विधानमंडल में बोलने या वहां किसी पर आरोप लगाने को लेकर किसी भी अदालत में मुकदमा नहीं चलाया जा सकता। केजरीवाल सरकार इसी विशेषाधिकार का इस्तेमाल करके बार-बार विधानसभा सत्रों में आरोप लगाती रही है। केजरीवाल बाहर रहते हुए भी खूब आरोप लगाते रहे। आधारहीन आरोपों को लेकर जब अरुण जेटली और नितिन गडकरी ने अदालती कार्यवाही की तो बिना शर्त माफी भी मांग ली। कई ऐसे और भी मामले रहे। इसी तरह राहुल गांधी भी जनसभाओं में आरोप लगाते रहे। ऐसे आरोपों को लेकर उन पर मामले भी चल रहे हैं। जिसमें एक रांची में भी चल रहा मामला है। ठाणे में भी उन पर मामला चल रहा है। राहुल गांधी से उम्मीद थी कि वे संसद में जो भी आरोप लगाएंगे, कम से कम उनके पास उनका ठोस आधार होगा। अगर वे ऐसा करते तो उनके कई आरोपों को संसदीय कार्यवाही के रिकॉर्ड से हटाया नहीं जा सकता था। यह बात और है कि संसदीय कार्यवाही से उनके बयानों के कई अंशों को हटाने को लेकर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला पर आरोप लगाए जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि वे सरकार के दबाव में ऐसा कर रहे हैं। कांग्रेस की रणनीति है कि जनता यह मान लें कि राहुल गांधी ने जो किया है, वही सही है। जनता का एक वर्ग इसे मान भी लेगा। सोशल मीडिया के दौर में ऐसा संभव भी है। आज पृष्ठभूमि की तह तक जाने का लोगों के पास वक्त नहीं है। सोशल मीडिया ने हमें तात्कालिक सूचनाओं को ही समूचा ज्ञान मानने की प्रक्रिया का सफल अंग बना दिया है। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर हुई चर्चा का जवाब पारंपरिक तौर पर प्रधानमंत्री देता है। प्रधानमंत्री के जवाब के वक्त जिस तरह लगातार टोकाटाकी हुई, वह भी संसदीय परंपरा का खुला उल्लंघन है। संसदीय परंपरा है कि जब प्रधानमंत्री बोल रहा हो तो दूसरा सदस्य तब बोलेगा, जब प्रधानमंत्री उसे मौका देते हुए अपनी सीट पर बैठ जाएं। अगर प्रधानमंत्री खड़ा है तो मतलब है कि सदन को उसे सुनना है। अगर सदन को किसी बात पर आपत्ति है तो सदस्य बाद में प्रधानमंत्री से स्पष्टीकरण मांग सकते हैं। इस संदर्भ में अटल बिहारी वाजपेयी के प्रधानमंत्री रहते वक्त लोकसभा का एक किस्सा याद आ रहा है। गुजरात से जुड़े एक मसले पर चर्चा के दौरान जब प्रधानमंत्री वाजपेयी ने हस्तक्षेप किया तो गुजरात के एक कांग्रेसी सांसद ने टोकाटाकी शुरू कर दी। उनकी टोकाटाकी से परेशान वाजपेयी यह कहते हुए बैठ गए कि अब आप ही बोलिए, प्रधानमंत्री नहीं बोलेगा। अटल के बैठते हुए पूरी सदन में जैसे सन्नाटा छा गया। इसके बाद प्रियरंजन दास मुंशी अपनी सीट पर खड़े होकर बताने लगे कि अटल जी भाषण क्यों नहीं देंगे। ऐसे में जिस कांग्रेसी सांसद ने वाजपेयी को टोक-टोक कर परेशान किया था, शर्मिंदा हो गए और वाजपेयी से माफी मांगी। उसके बाद प्रधानमंत्री अपनी सीट पर खड़े हुए और तत्कालीन चर्चा पर विपक्ष की बखिया उधेड़ दी। मंत्रियों का जोरदार बचाव किया।

ये संसदीय परंपरा बहुत पुरानी बात नहीं है। सवाल यह है कि क्या आज के सांसद और विशेषकर नेता प्रतिपक्ष जैसे अहम सांसद भी अपनी जिम्मेदारी नहीं समझेंगे? सदन में जो बोला जा रहा है, चाहे जितना भी ताकतवर सांसद हो, वैसा सदन के बाहर बोले तो उसके खिलाफ मुकदमों की बौछार हो सकती है। संसदीय परंपराओं की महानता को हम बचाकर नहीं रखेंगे तो इसके संदेश बेहद खराब होंगे। लोग और वोटर फिर संसद को क्यों गंभीर मानेंगे। इससे संसद की गरिमा का पतन होगा और अंततः इससे लोकतंत्र कमजोर होगा।

सवाल

डॉ. रमेश ठाकुर



# किसकी लापरवाही से सत्संग स्थल बना श्मशान घाट

सत्संग स्थल को किसने श्मशान घाट में तब्दील किया? ये सवाल घटना घट जाने के बाद हादसा स्थल के चारों ओर गूंज रहा है। जवाब कौन देगा और कौन है हादसे का जिम्मेदार? ये सवाल भी वहां मुंह बाये खड़ा हुआ है। भगदड़ में मरने वालों की फैली लाशें, कराहते घायल श्रद्धालुओं की चीखें देखकर परिजनों की हिम्मत जवाब देती दिखी। राहत-बचाव में जुटे कर्मियों के कलेजे भी कपकपा रहे थे। हाथरस में भोले बाबा के सत्संग में संभावित या आपातकाल की घटनाओं को रोकने के लिए प्रशासनिक इंतजाम अगर थोड़े से भी होते तो इतनी दर्दनाक घटना नहीं घटती। हैरानी की बात ये है कि पांच हजार सत्संगियों की रक्षा में मात्र 73 पुलिसकर्मी तैनात थे, जिनमें दो दर्जन तो होमगार्ड ही थे। घटना का शोर जब तेजी से मचने लगा तो सबसे पहले सुरक्षाकर्मी ही भाग खड़े हुए। प्रशासन और आयोजक दोनों गहरी नींद में सोए हुए थे। सत्संग स्थल पर एक भी एंबुलेंस की व्यवस्था नहीं थी। न ही कोई फायर ब्रिगेड की गाड़ी वहां तैनात थी और न ही कोई विशेष अन्य व्यवस्थाएं की गईं थीं, हाथरस भगदड़ हादसा स्थानीय प्रशासन की घोर लापवाही का नतीजा इसलिए कहा जाएगा, क्योंकि जिस सत्संग स्थल पर बाबा भोले नाथ प्रवचन का आयोजन था, उसमें मात्र पांच हजार लोगों की बैठने की व्यवस्था थी। लापरवाही देखिए 50 हजार से अधिक सत्संग प्रवचन सुन पहुंचे हुए थे, इसलिए सत्संग स्थल कैसे बना श्मशान घाट? उसकी असल सच्चाई सबके सामने है। सत्संग स्थलों पर यह न पहला हादसा है और न ही अंतिम? इससे पूर्व भी कई दर्दनाक हादसे हुए। लेकिन घटना हो जाने पर शासन से लेकर प्रशासन तक खलबली मच जाती है, पर जैसे ही मामले की तपिश कुछ शांत होती है, प्रशासन दूसरे हादसे का इंतजार करने लगता है। हाथरस का लोकल प्रशासन अगर वास्तव में थोड़ा भी अलर्ट होता। इतने श्रद्धालुओं को सत्संग में पहुंचने की इजाजत नहीं देता, तो सैकड़ों लोग बेमौत मरने से बच सकते थे। हादसा होते ही प्रवचन सुनाने वाला बाबा फरार हो गया। बाबा की हकीकत जाने तो वह कोई जन्मजात साधु या प्रवचनकर्ता नहीं है और न ही लंबे समय से इस क्षेत्र में है। आधी उम्र बीतने के बाद उसे प्रवचन सुनाने का शौक चढ़ा। करीब 26 वर्ष तक उन्होंने इंटेलिजेंट ब्यूरों में सामान्य कर्मचारी के तौर पर नौकरी की, नौकरी छोड़ने के बाद उसके अपना नाम बदला और 'विश्व हरि भोले' रख लिया। फिर कूद पड़ा आध्यात्मिक क्षेत्र में, बीते कुछ वर्षों में उन्होंने हिंदी पट्टी के राज्यों में लाखों की संख्या में अपने अनुयायी बनाए। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, हरियाणा व बिहार में उनके भक्तों की संख्या बहुतायत है। ग्रामीण स्तर की महिलाएं इनकी भक्त ज्यादा हैं। जाहिर सी बात महिलाएं जब कहीं जाती हैं तो अपने साथ छोटे बच्चों को जरूर ले जाती हैं। मंगलवार को भी कमोबेश कुछ ऐसा ही हुआ। सवाल उठता है सरकार-प्रशासन इस हादसे से कुछ सबक लेगा या फिर मुआवजा और सहानुभूति देकर मात्र मामला शांत करेगा। मुख्यमंत्री से लेकर प्रधानमंत्री और पक्ष-विपक्ष के नेता भी दुख प्रकट कर रहे हैं, करना भी चाहिए, घटना ही ऐसी, जो सुन रहा है उसके रौंगटे खड़े हो रहे हैं। घटना का दोषी समूचा स्थानीय प्रशासन है, उसकी लापरवाही से ही ये घटना घटी। घटना कैसे घटी ये जानना जरूरी है। प्रवचन सुनाने वाले बाबा की जब इंट्री हुई तो उसे करीब से देखने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उनके काफिले पर टूट पड़ी। अगर वहां दो-चार दर्जन सुरक्षाकर्मी तैनात होते तो ऐसी घटना शायद न घटती। वो भीड़ को नियंत्रित कर सकते थे, पर यहां सवाल एक ये भी उठता है कि आयोजकों ने पुख्ता इंतजाम क्यों नहीं किए? भीड़ अगर ज्यादा थी तो प्रशासन से अपील करनी चाहिए थी। सैकड़ों श्रद्धालुओं के हताहत होने की खबर घटना के कुछ घंटों बाद ही सामने आ चूकी है। हताहतों की संख्या का बढ़ना भी अभी निश्चित है,

# ऐसी है ईश्वर के नाम की महिमा!



संकलित

दर्शन

ईश्वर के नाम का जप अनोखे आनंद को जन्म देता है। इसका वर्णन करना कठिन ही नहीं, असंभव भी है। भगवन्नाम हमारे अंदर एक प्रकार की अलौकिक शक्ति भर देता है। वह हमारे स्वभाव में आश्चर्यजनक परिवर्तन कर देता है। वह मनुष्य को देवताओं के समान गुणों से अलंकृत कर देता है। वह हमारे पुराने पापों, वासनाओं, संकल्पों, संदेह तथा अनेक प्रकार की मलिन चित्त-वृत्तियों को नष्ट कर देता है। जिस प्रकार अग्नि में जलने योग्य प्रत्येक वस्तु को जला देने की स्वाभाविक शक्ति है। उसी प्रकार ईश्वर के नाम में भी पाप, मलिन-वृत्ति और वासना को जलाने के साथ अनंत, आनंद और अमर शांति प्रदान करने की भी शक्ति है। जैसे दावाग्नि में वृक्ष, काष्ठादि को जलाने की शक्ति स्वाभाविक है। उसी प्रकार ईश्वर के नाम में पाप-रूपी वृक्ष को उसकी जड़ और शाखाओं सहित जला डालने की अद्भुत और स्वाभाविक शक्ति है। ईश्वर का नाम भाव-समाधि द्वारा भक्त को ईश्वर से मिला देता है। हे मनुष्य! ईश्वर के नाम की शरण में जा। निरंतर ईश्वर का नाम जपा कर। प्रत्येक श्वास के साथ ईश्वर के पवित्र नामों का उच्चारण कर। इस कराल कलिकाल में ईश्वरत्व तक पहुंचने के लिए नाम-स्मरण अथवा जप सबसे अधिक सुगम, शीघ्र, सुरक्षित और निश्चित मार्ग है। यह अमरत्व और अनंत आनंद का दाता है। हे परमात्मन, तेरी और तेरे नाम की महिमा अपरम्पार है। तुम गणिका पिंगला की कहानी तो जानते ही होंगे। वह भी राम का नाम लेने से कितनी जल्दी एक साध्वी बन गई थी।

# बुराइयों का कारण जाने बिना उससे मुक्ति नहीं




संकलित

प्रेरणा

हर रोज की तरह एक दिन भगवान बुद्ध सुबह भिक्षुओं की सभा में आए। सभा में प्रतीक्षा कर रहे उनके शिष्य यह देखकर चकित हुए कि बुद्ध पहली बार अपने हाथ में कुछ लेकर आए हैं। वह हमेशा खाली हाथ आते हैं। लेकिन आज उनके हाथ में कपड़े का एक टुकड़ा था। सभी शिष्य यह देखकर समझ गए कि आज कोई विशेष प्रयोजन है। बुद्ध अपने आसन पर आकर बैठ गए। उन्होंने किसी से कुछ नहीं कहा और कपड़े के टुकड़े में थोड़ी-थोड़ी दूरी पर पांच गांठें लगा दीं। सब शिष्य इंतजार कर रहे थे कि बुद्ध अब क्या कहेंगे। बुद्ध ने वहां उपस्थित अपने सभी शिष्यों से पूछा कि क्या कोई मुझे बता सकता है कि क्या यह कपड़े का वही टुकड़ा है, जो गांठें लगने से पहले था। शारिपुत्र ने कहा, 'एक प्रकार से तो यह कपड़े का टुकड़ा वही है क्योंकि इसमें किसी तरह का परिवर्तन नहीं हुआ है। लेकिन दूसरी तरह से देखें तो पहले इस कपड़े में पांच गांठें नहीं थीं। इस नजरिये से यह पहले जैसा नहीं रहा। यद्यपि इसकी मूल प्रकृति अपरिवर्तित है। इसका केवल बाहरी रूप बदला है। बाकी सब कुछ वही है।' बुद्ध ने शारिपुत्र से सहमति जताते हुए कहा कि तुम सही कह रहे हो। अब मैं इन गांठों को खोल देता हूं। यह कहकर बुद्ध उस कपड़े के दोनों सिरों को पकड़ कर खींचने लगे। उन्होंने शारिपुत्र की ओर देखते हुए पूछा कि क्या तुम्हें लगता है कि मैं इस प्रकार इनकी गांठों को खोल पाऊंगा। शारिपुत्र ने कहा, 'नहीं तथागत, इस प्रकार तो यह गांठें और कस जाएंगी। इस प्रकार यह कभी नहीं खुलेंगी।' बुद्ध ने कहा, 'ठीक है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### मजदूरों को सेवानिवृत्ति के बाद मिले पेंशन

हर साल मजदूर दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर कई प्रोग्राम होते हैं, लेकिन मजदूरों की वास्तविक स्थिति ज्यादा अच्छी नहीं है। कारण यह है कि उन्हें मेहनत के अनुसार पगार नहीं मिलती है। इसलिए मजदूरों को उनके बुढ़ापे में सरकार की ओर से प्रति माह 15,000 हजार रुपए की पेंशन दी जानी चाहिए। इससे सरकारी कोष पर कुछ बोझ जरूर पड़ेगा, लेकिन जब कुछ राज्यों में सरकारी कर्मचारियों को ओपीएस दी जा सकती है, तो मजदूरों के कल्याण के लिए सरकारों को यह बोझ भी वहन कर लेना चाहिए। इससे मजदूरों को बुढ़ापे की जो चिंता होती है, वह खत्म हो जाएगी और उनके चेहरों पर मुस्कान फैलेगी।

*–गज्जू राम साहू*

## करंट अफेयर

### विश्व हरि बाबा के मैनपुरी आश्रम की कड़ी सुरक्षा

हाथरस के सिकन्दराराऊ में विश्व हरि बाबा भोलेनाथ के सत्संग के बाद उनकी चरण धूलि लेने के लिये दौड़ी भीड़ में भगदड़ मचने की घटना के बाद बाबा के मैनपुरी स्थित आश्रम के बाहर कड़े सुरक्षा बंदोबस्त कर दिये गये हैं। भगदड़ कांड के बाद मैनपुरी के बिछवां कस्बे में स्थित भोले बाबा के आश्रम के बाहर कड़ा सुरक्षा घेरा बनाया गया है। आश्रम के बाहर कई थानों की पुलिस मौजूद है और आश्रम के अंदर मीडिया सहित किसी को भी दाखिल होने की इजाजत नहीं दी जा रही है। पुलिस क्षेत्राधिकारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि हाथरस में भगदड़ कांड के बाद से बिछवां स्थित विश्व हरि बाबा भोलेनाथ के आश्रम में सुरक्षा कड़ी कर दी गयी है।



## ऑफ बीट

### 10 भारतीय भाषाओं में 'ट्रांसलेशन फेलोशिप' विजेताओं की घोषणा

न्यू इंडिया फाउंडेशन (एनआईएफ) ने तमिल, गुजराती, हिंदी और उर्दू में 2024-25 के लिए एनआईएफ 'ट्रांसलेशन फेलोशिप' के विजेताओं की बुधवार को घोषणा की। एनआईएफ 'ट्रांसलेशन फेलोशिप' 10 भारतीय भाषाओं असमिया, बांग्ला, गुजराती, हिंदी, कन्नड़, मराठी, मलयालम, उड़िया, तमिल और उर्दू के कथेतर रचनाओं के अनुवाद के लिए प्रदान किया जाता है। फाउंडेशन ने एक बयान में बताया कि प्रत्येक विजेता को छह महीने के लिए यह फेलोशिप दी जाती है और इस अवधि में छह- छह लाख रुपये की राशि प्रदान की जाती है।




## ट्रेंड

### ईवीएम से कांग्रेस का बैर

डॉ.भीमराव अंबेडकर जब 1952 का चुनाव लड़ने गए तब नेहरू ने उनके खिलाफ प्रचार किया! उस चुनाव में 'डॉ.अंबेडकर जी 14 हजार वोट से हारे और आश्चर्यजनक रूप से 78 हजार वोट अमान्य किए गए!' तो 'ईवीएम से कांग्रेस का बैर और बैलेट पेपर से कांग्रेस का प्यार पुराना है।'

-जेपी नडडा, केंद्रीय मंत्री



### खुद को याद दिलाएं

अगर आप चाहते हैं कि आपका रिश्ता चले, और खूब चले तो इसके लिए आवश्यक है कि खुद को लगातार यह याद दिलाएं कि दूसरा आपसे ज्यादा महत्वपूर्ण है। सत्य छिपा नहीं है-आप उससे छिप रहे हैं

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु



### इसलिए वाकआउट किया

इंडिया गठबंधन ने इसलिए वाकआउट किया क्योंकि मोदी झूठ बोल रहे थे। वे कहते हैं कि हम संविधान के विरोध में हैं, सच्चाई यह है कि बीजेपी आरएसएस, जनसंघ और उनके राजनीतिक पुरखों ने भारत के संविधान का विरोध किया था।

-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष



### दो तरह के शिक्षा मॉडल

इस देश में दो तरह के शिक्षा मॉडल हैं। पहला मॉडल, अरविंद केजरीवाल मॉडल, का लक्ष्य बेहतर शिक्षा और उज्जवल भविष्य प्रदान करना है। दूसरा प्रकार शिक्षा-परीक्षा माफिया है जो बड़े पैमाने पर पेपर लीक और बेरोजगारी को बढ़ावा देता है।

-राघव चड्ढा, आप सांसद



## संक्षेप

### बारात में दो बारातियों के साथ लाठी डंडे से मारपीट

अमन लेखनी समाचार

कुरारा,हमीरपुर। थाना क्षेत्र के रघवा गांव से जलालपुर थाना क्षेत्र के कुपरा ग्रामपंचायत के हसुऊ पुर गई बारात में दो बारातियों के साथ लाठी डंडे से मारपीट की ।जिससे एक युवक के आंख में गहरी चोट आई है। जिसका उपचार कानपुर में चल रहा है। वही पीड़ित की तहरीर पर जलालपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। क्षेत्र के रघवा गांव निवासी राजू यादव के पुत्र बृजेंद्र के बारात 2 जुलाई को जलालपुर थाना क्षेत्र के हसऊ पुर गांव निवासी रामप्रकाश यादव के यहां गई थी ।राजू यादव ने बताया कि रात में बारात का टीका, जयमाल, आदि कार्यक्रम संपन्न हो जाने के बाद रघवा गांव निवासी गौरव पुत्र स्वर्गीय राजेश पाल जो बारात में शामिल होने आया था। उसके साथ हंसऊ पुर गांव निवासी मुनीम पुत्र रामचरण व आठ अज्ञात लोगों ने रात में तीन बजे गाली गलौज कर लाठी डंडे से मारपीट कर मरणासन्न कर दिया।जिससे उसकी बांई आंख में गहरी चोट आई है ।जिसका उपचार कानपुर में चल रहा है। इसको बचाने गए बाराती रघवा गांव निवासी कुलदीप पाल पुत्र देशराज के साथ भी मारपीट की ।जिससे सिर व शरीर में गंभीर चोट आई है। जिसका उपचार चल रहा है। इस घटना का मुकदमा थाना जलालपुर में दर्ज किया गया है।

### खाद्यान्न वितरण तिथि में हुआ आंशिक संशोधन

08 से 20 जुलाई तक होगा खाद्यान्न का वितरण

अमन लेखनी समाचार

बहराइच।जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी ने बताया कि जनपद के समस्त अन्त्योदय अन्न योजना तथा पात्र गृहस्थी योजना के कार्डधारकों को माह जुलाई 2024 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत नियमित वितरण का कार्य 08 से 20 जुलाई 2024 तक किया जायेगा। श्री तिवारी ने बताया कि पूर्व में निर्धारित वितरण कार्यक्रम के अनुसार 08 से 25 जुलाई तक खाद्यान्न का वितरण होना था। उन्होनें बताया कि नवीन वितरण अवधि मे प्रत्येक अन्त्योदय अन्न योजना के कार्डधारकों को प्रति राशन कार्ड 35 कि.ग्रा. खाद्यान्न (21 कि.ग्रा. चावल 14 कि.ग्रा. गेहूॅ) तथा पात्र गृहस्थी योजना कार्डधारकों को प्रति यूनिट 05 कि.ग्रा. खाद्यान्न (03 कि.ग्रा. चावल तथा 02 कि.ग्रा. गेहूॅ) का वितरण निःशुल्क किया जायेगा। डीएसओ ने बताया कि वितरण की अन्तिम तिथि 20 जुलाई 2024 को आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुएं प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं को मोबाइल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण किया जायेगा।

# जिला कृषि अधिकारी के स्थानांतरण पर आयोजित हुई विदाई पार्टी

## डीएओ के कार्यकाल को जनपद वासियों ने सराहा, माल्यार्पण कर दी विदाई

### जिला कृषि अधिकारी सतीश पांडेय का भदोही हुआ स्थानांतरण

अमन लेखनी समाचार/मिथिलेश जायसवाल




बहराइच। जनपद बहराइच में जिला कृषि अधिकारी के पद पर पांच वर्ष से तैनात डाक्टर सतीश कुमार पांडेय का स्थानांतरण पिछले दिनों शासन द्वारा किया गया। श्री पांडेय का स्थानांतरण भदोही जनपद में किया गया है उनके स्थानांतरण के साथ ही जनपद में नए जिला कृषि अधिकारी की तैनाती की गई है।गुरुवार को कृषि भवन में कृषि विभाग के कर्मचारियों की ओर से जिला कृषि अधिकारी के स्थानांतरण पर विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कर्मचारियों के साथ ही किसानों ने जिला कृषि अधिकारी सतीश पांडेय को माल्यार्पण पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह भेंट कर नम आँखों से विदा किया। कार्यक्रम में पहुंचे कृषकों ने जिला कृषि अधिकारी की जमकर सराहना की। किसानों ने कहा कि डॉ सतीश पांडेय की तैनाती के बाद से उर्वरक की तस्करी में काफी कमी आई है, वहीं उर्वरक की तस्करी करने वालों पर शिकंजा कसकर कार्यवाही भी हुई है। भारत नेपाल सीमा पर खाद बीज की तस्करी में अंकुश लगा है।इस मौके पर उपनिदेशक कृषि डॉक्टर टीपी शाही, जिला कृषि रक्षा अधिकारी डॉ प्रिया नंदा, कृषि विभाग के युगल किशोर अवस्थी, सुशील प्रजापति, अरविंद शर्मा, अभिषेक मौर्य, गुलाम रसूल, प्रगतिशील किसान लालता प्रसाद गुप्ता सहित काफी संख्या में उनके शुभचिंतक मौजूद रहे सभी ने नाम आंखों से जिला कृषि अधिकारी सतीश पांडे को विदा किया ।जिला कृषि अधिकारी सतीश पांडेय ने विदाई समारोह में नम आंखों से बोलते हुए कहा कि बहराइच हमारे लिए बहुत अच्छा रहा।यहाँ मुझे 5 वर्षों तक कार्य करने का अवसर मिला जिसमें जिला प्रशासन ,जनप्रतिनिधियों, कर्मचारियों, मीडिया कर्मियों और किसान भाइयों समन्वय स्थापित कर कार्य किया। सभी का विशेष सहयोग मिला ।ज्ञात हो कि जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार पांडे की तैनाती जुलाई 2019 में हुई तैनाती के बाद से जनपद में भारत नेपाल सीमा पर हो रही खाद बीज की तस्करी पर काफी अंकुश लगा । वही काफी संख्या में तस्करों को जेल जाना पड़ा। जिला कृषि अधिकारी का कार्यकाल किसानों के साथ ही व बुद्धिजीवियों ने भी सराहा है।

# एसकेएस कालेज के छात्र छात्राओं ने पौधा लेकर निकाली पौध बारात

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। मरौचा-बौंडी मार्ग के अलादादपुर स्थित स्पार्क ग्रूप कालेज व बहराइच-सीतापुर हाईवे के सबलापुर स्थित डॉ सर्वेश कुमार शुक्ला ग्रुप आफ इंस्टीट्यूटशंस में वन महोत्सव का आयोजन किया गया। स्पार्क कालेज में एमएलसी डा. प्रज्ञा त्रिपाठी व एसकेएस कालेज में डायरेक्टर पल्लवी शुक्ला ने पौधारोपण किया। डा. प्रज्ञा त्रिपाठी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वन महोत्सव पर सभी लोग पांच-पांच पौधे लगाकर जिम्मेदारी का निर्वहन करने की अपील की। डायरेक्टर पल्लवी शुक्ला ने कहा कि सभी लोग अपने-अपने घर के आसपास एक पेड़ अपने मां के नाम से जरूर लगाएं।डीएफओ संजीव कुमार ने कहा कि पेड़ हमें आक्सीजन देते हैं और पर्यावरण बचाने में मदद करते हैं। कैसरगंज रेंजर अभिषेक सिंह ने कहा कि हर किसी कि जिम्मेदारी है कि वह प्राकृतिक संतुलन को ध्यान में रखते हुए परिवार का हर एक मुखिया हर सदस्य के नाम से पौधारोपण जरुर करें। वन महोत्सव पर कालेज के छात्र -छात्राओ को एक हजार पौधा वितरित किए गए। जिसमें कदम, गोल्ड मोहर, पाकड, कचनार आदि पौधें लगाए गए। इस दौरान एसडीओ अजीत प्रताप सिंह, रेंजर मोहम्मद शाकिब, डिप्टी रेंजर अमित वर्मा, वन दारोगा अमित श्रीवास्तव, प्रशिक्षण वर्मा, वन रक्षक प्रमीत सिंह, सत्येंद्र शुक्ल, मैनेजर आस्था शुक्ला, प्राचार्य हरीश नागर, संतोष कुमार मिश्र, उप प्राचार्य सुदेश शर्मा, नीलेश तिवारी, पीआरओ गौरव पांडे, जेपी शुक्ल, महेंद्र शुक्ल, फूलचंद्र डावरिया, सौम्या सिंह व वन विभाग की टीम मौजूद मौजूद रही।

# एडीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुआ तहसील दिवस

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। आमजन की समस्याओं को त्वरित से निस्तारण के लिए आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस शनिवार को तहसील कैसरगंज में आयोजित हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में एडीएम बहराइच गौरव रंजन श्रीवास्तव व उप जिलाधिकारी कैसरगंज और अन्य अधिकारियों के साथ जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में 106 मामले आए जिनमें 4 मामलों का मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया। जनसुनवाई के दौरान एडीएम गौरव रंजन श्रीवास्तव ने राजस्व व पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस व थाना समाधान दिवस में भूमि से सम्बन्धित प्राप्त होने वाले प्रकरणों को नियमानुसार गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित कराया जाय। विशेषकर संवेदनशील प्रकरणों का वरिष्ठ अधिकारी स्वयं अपने देख-रेख में निस्तारण कराये।इस अवसर एडीएम बहराइच, उप जिलाधिकारी कैसरगंज बीडीओ सत्य प्रकाश पांडेय, कैसरगंज पुलिस क्षेत्राधिकारी रूपेंद्र कुमार गौड़ और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।




# सीडीओ की अध्यक्षता में तहसील पयागपुर में सम्पन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा



बहराइच। आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में तहसील पयागपुर में मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर तथा तहसील कैसरगंज में अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान सीडीओ ने एसडीएम पयागपुर दिनेश कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी पयागपुर हीरा लाल कनौजिया, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश कुमार व अन्य अधिकारियों तथा अपर जिलाधिकारी ने एसडीएम कैसरगंज पंकज दीक्षित व अन्य अधिकारियों के साथ आए हुए फरियादियों के समस्याओं की गंभीरता पूर्वक सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए गए। तहसील पयागपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, नोडल सरयू नहर खण्ड दिनेश कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी राज कपूर, जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर गुप्त, दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी वी.पी. सत्यार्थी, ईओ नगर पालिका प्रमिता सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी व थानाध्यक्षगण मौजूद रहे। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अन्त में सीडीओ ने अन्य अधिकारियों के साथ गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की तथा बच्चों को अन्नप्रासन कराया।

**उल्लेखनीय है कि तहसील पयागपुर सम्पन्न हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस में 165 प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए जिसमें से 07 का मौके पर निस्तारण किया गया।इसी प्रकार अन्य तहसीलों मिहींपुरवा (मोतीपुर) में प्राप्त 12 में 02, कैसरगंज में प्राप्त 106 में 04, महसी में प्राप्त 64 में 09, नानपारा में प्राप्त 48 में 06 तथा सदर बहराइच में प्राप्त 29 में 01 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण मौके पर किया गया।**

# वायरल वीडियो ने भारत-नेपाल के संबंधों को किया शर्मसार

अमन लेखनी समाचार

रुपईडीहा, बहराइच। भारत-नेपाल के बीच वर्षों से रोटी-बेटी का संबंध रहा है। प्रतिदिन दोनों देशों के सैकड़ो नागरिक रुपईडीहा सीमा से आते जाते हैं। लेकिन शुक्रवार को एक वायरल वीडियो ने दोनों देशों के संबंधों को शर्मसार कर दिया। रूपईडीहा के भारतीय भूमि पत्तन के कर्मचारी द्वारा एक नेपाली लड़की का अश्लील वीडियो बनाने का मामला सामने आया है। गाड़ी मालिक से प्राप्त जानकारी के अनुसार बुटवल से दिल्ली जाने वाली भारत नेपाल मैत्री बस भारतीय भूमि पत्तन रूपईडीहा पर जांच के लिए रुकी तो एक नेपाली लड़की ने भारतीय भूमि पत्तन रूपईडीहा के कर्मचारी से टॉयलेट का लोकेशन पूछा और बताई गई जगह पर टॉयलेट करने चली गई। तभी उसे शक हुआ कि कोई छिपकर उसका विडियो बना रहा है। लड़की ने जब शोर मचाया तो कर्मचारी वहाँ से भागने लगा जिसे पकड़ लिया गया। जिसके बाद भारतीय भूमि पत्तन के अधिकारी वहाँ पहुँचे और इतिश्री करते हुए सिर्फ कर्मी के मोबाइल से वीडियो डिलीट करवा दिया और पूरे मामले को दबाने की कोशिश की।

# बारिश की वजह से तमाम ग्राम पंचायत में कार्य बाधित

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। विकासखंड कैसरगंज के अंतर्गत तमाम गांव में बारिश की वजह से मनरेगा कार्य बाधित हो गया है जिसकी वजह से ग्राम पंचायत में चल रहे मनरेगा कार्य को लेकर काफी दिक्कत व परेशानी का सबब बारिश बना हुआ है। खंड विकास अधिकारी कैसरगंज सत्य प्रकाश पांडेय ने बताया कि जिन जिन ग्राम पंचायत में बारिश की वजह से कार्य बाधित हुआ है उनको मौसम सही होते ही सभी का कार्य पूरा करा कर पूरा भुगतान शीघ्र किया जाएगा।

# देश के सहकारिता मंत्री के कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसारण

### अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई संगोष्ठी

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में सहकारिता एवं गृह मंत्री भारत सरकार अमित शाह की अध्यक्षता में गॉधीनगर गुजरात में आयोजित 102वें अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता सम्मेलन का सजीव प्रसारण किया गया। इस अवसर पर जिला सहकारी बैंक के सभापति डॉ. जितेन्द्र त्रिपाठी, केन्द्रीय उपभोक्ता सहकारी भण्डार लि. के सभापति नन्हे लाल लोधी, जिला सहकारी विकास संघ लि. के सभापित/संचालकगण, उप निदेशक कृषि टी.पी. शाही, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक, सहकारिता संजीव कुमार तिवारी, सहायक विकास अधिकारी (सह.)/अपर जिला सहकारी अधिकारी, इफको व पीसीएफ के जिला प्रबन्धक, बी-पैक्स समितियों के सचिव/संचालक मण्डल सदस्य एवं जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आये कृषक सदस्य मौजूद रहे। सजीव प्रसारण के उपरान्त कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सभापति डॉ. जितेन्द्र त्रिपाठी ने मौजूद लोगों को सहकारिता दिवस की बधाई देते हुए कहा कि सहकारी समितियों को आर्थिक रूप से सुदृढ करने हेतु ॢसहकार से समृद्धिॢ योजनान्तर्गत संचालित कराये गये नवोन्मेषी कार्यों का का महत्वपूर्ण योगदान है। डॉ. त्रिपाठी ने बी-पैक्स समितियों में कॉमन सर्विस सेन्टर, प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र, पैक्स कम्प्यूटराइजेशन, अन्न भण्डारण योजना, पीएमएसके इत्यादि नवोन्मेषी योजनाओं एवं कार्यक्रमों के संचालन के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार ज्ञापित करते हुए कहा कि इससे स्थानीय स्तर क्षेत्रीय कृषक सदस्यों के लिए अत्यन्त लाभकारी है। उन्होंने इफको के उत्पाद (नैनों उर्वरक) एवं जैविक उत्पादों को अत्यन्त उपयोगी बताते हुए सदस्यों का आहवान किया कि हमें सहकार के माध्यम से भारत को समृद्धि के पथ पर ले जाने का संकल्प लेना होगा।

# बहराइच वन प्रभाग द्वारा मनाया गया वन महोत्सव

## एमएलसी व विधायक नानपारा ने किया पौधरोपण

### छात्र-छात्राओं को वितरित किये गये पौध

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा

बहराइच। प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच संजीव कुमार ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भॉति इस वर्ष भी बहराइच वन प्रभाग, बहराइच द्वारा 01 जुलाई से 07 जुलाई 2024 तक ॢवन महोत्सवॢ मनाया जा रहा है। बहराइच वन क्षेत्र के अन्तर्गत बौण्डी मार्ग पर स्थित स्पार्क कालेज, बहराइच में आयोजित वन महोत्सव-2024 में मुख्य अतिथि एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी ने कदम का पौधा रोपित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. त्रिपाठी ने कालेज के छात्र/छात्राओं को अधिक से अधिक पौध रोपण करने हेतु प्रोत्साहित करते हुए छात्र-छात्राओं को आम, ऑवला, अमरूद, कटहल, जामुन, नीम, कचनार, बेल, इमली व पाकड़ इत्यादि प्रजाति के लगभग 500 पौधों का वितरण किया गया। इस अवसर पर उप प्रभागीय वनाधिकारी, बहराइच अजीत प्रताप सिंह, क्षेत्रीय वन अधिकारी, बहराइच वन क्षेत्र मो. साकिब, शिक्षण संस्थान का शिक्षण स्टाफ तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं तथा वन क्षेत्र बहराइच के अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। वन क्षेत्र नानपारा अन्तर्गत महेरबाननगर नर्सरी में विधायक नानपारा राम निवास वर्मा ने पौधरोपण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।




**नानपारा क्षेत्र अन्तर्गत उ.प्रा.वि. विद्यालय अलीनगर में ग्राम प्रधान, शिक्षण स्टाफ व छात्र-छात्राओं द्वारा पौध रोपण किया गया यहां पर भी बच्चों को पौध का वितरण किया गया। इसी प्रकार वन क्षेत्र चकिया अन्तर्गत सरयू नहर के किनारे दायी पटरी पर अड़गोड़वा भाकू गॉव के ग्राम प्रधान, ग्रामीण व रेंज स्टाफ द्वारा अकेसिया अरिकुलिसफार्मिस, सेमल, आम इमली, अमरूद व गुटेल आदि पौधो का रोपण किया गया।**

**रूपईडीहा वन क्षेत्र अन्तर्गत सरस्वती विद्या मंदिर, रूपईडीहा में चित्रकला प्रतियोगिता/गोष्ठी का आयोजन कर पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रधानाचार्य अनुज सिंह, अध्यक्ष बृज नरेश श्रीवास्तव, दिनेश अग्रवाल, सुभाषचन्द्र जैन, आचार्य बंधु मनीष तिवारी, अनिल, हिमांशु, संजय वर्मा व छात्र-छात्राओं द्वारा एक पेड़ मॉ के नाम पौध रोपण अन्तर्गत पाकड़, ऑवला, बड़हल, अमरूद, जामुन के पौधे रोपित किये गये।**

# ऑपरेशन के समय महिला के पेट में छोड़ी रुई-पट्टी

- हापुड़ में डॉक्टरों की लापरवाही से बिगड़ी महिला की हालत, परिजनों का हंगामा

अमन लेखनी समाचार



हापुड़, नगर कोतवाली के सामने स्थित वेलनेस हॉस्पिटल में महिला मरीज के अपेंडिक्स के ऑपरेशन के दौरान डॉक्टरों ने महिला के पेट में रुई और पट्टी छोड़ दी, जिससे महिला की हालत बिगड़ गई। परिजन उसे दूसरे अस्पताल में ले गए तब इस लापरवाही का खुलासा हुआ। घटना से गुस्साए लोगों ने अस्पताल के बाहर जमकर हंगामा किया, जिसके बाद डॉक्टर अस्पताल से फरार हो गए। पुलिस ने समझा-बुझाकर शांत किया। रेलवे रोड स्थित निराश्रय सेवा समिति के सदस्य टिंकू ने बताया कि करीब 20 दिन पहले उसकी पत्नी पूनम की तबीयत बिगड़ गई थी। इलाज के दौरान डॉक्टरों ने बताया कि उसका अपेंडिक्स का ऑपरेशन किया जाएगा। टिंकू ने पत्नी को 15 दिन पहले नगर कोतवाली के सामने स्थित वेलनेस हास्पिटल में भर्ती कराया था। 13 दिन पहले डॉक्टरों ने ऑपरेशन किया और 6 दिन बाद उसे अस्पताल से घर भेज दिया। इसके बाद पूनम के पेट पर लगे टांकों से पस निकलने लगा। टिंकू ने डॉक्टरों को बताया तो उन्होंने हर दिन मरहम-पट्टी के लिए अस्पताल बुलाना शुरू कर दिया। पूनम की हालत ज्यादा बिगड़ने पर टिंकू उसे दूसरे अस्पताल ले गया, जहां डॉक्टरों ने गंभीरता से जांच की। जांच में पता चला कि ऑपरेशन के दौरान डॉक्टरों ने महिला के पेट में रुई और पट्टी छोड़ दी थी

# दुकान में घुसकर युवक पर हमला

## परचून की दुकान में घुसे 3 हमलावरों ने गर्दन और चेहरे पर किए वार, शोर मचाया तो भागे

अमन लेखनी समाचार



बांदा, बांदा में देर रात परचून की दुकान में घुसकर युवक को पर धारदार हथियार से हमला कर दिया गया। उसकी गर्दन सहित अन्य जगहों पर वार किए गए। जब युवक चलाया तो आसपास के लोग बाहर निकले लेकिन तब तक आरोपी फरार हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल भिजवाया है जहां पर उसका प्राथमिक उपचार करने के बाद गंभीर हालत को देखते हुए कानपुर रेफर कर दिया है। पूरा मामला बांदा जनपद के शहर कोतवाली क्षेत्र के पलहरी आरटीओ ऑफिस के पास का है। रामफल पुत्र स्वर्गीय राजकुमार कोरी (27) अपनी परचून की दुकान में से रहा था। रात में 2 से 3 बजे कुछ लोग दुकान में घुसकर गए और धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमलावरों ने गर्दन और उसके चेहरे पर वार किए। जब युवक चिल्लाया तो आसपास के पड़ोसी इकट्ठा होना शुरू हो गए। तभी मौका देख आरोपी मौके से फरार हो गया। परिजनों ने युवक को जिला अस्पताल ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया जहां पर डॉक्टरों ने गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया है। सूचना पर पहुंची पुलिस व फॉरेंसिक डॉग स्क्वाड की टीम जांच में जुट गई है। घायल के भाई भगवानदीन ने बताया की रात में लगभग 2 से 3 बजे तीन लोग आए थे और दो लोग अंदर थे बाकी एक व्यक्ति बाहर था। वही जमीन को लेकर मां और लड़के में झगड़ा चल रहा था, और वह सौतेली मां थी। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने बताया- पुलिस को रात में 3 बजे सूचना मिली थी कि रामफल कोरी जिनकी उम्र 30 साल है

# रामपथ का फेक वीडियो वायरल करने पर दो पर एफआईआर

- 6 सेकंड के वीडियो में महिला को गड्ढे में गिरते हुए दिखाया था

अमन लेखनी समाचार



अयोध्या, अयोध्या के कोतवाली नगर में भाजपा नेता आयुष शुक्ल ने दो लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। उनका आरोप है कि इन दिनों ने रामपथ को लेकर फेक वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। 6 सेकंड के वीडियो में दिखाई दे रहा है कि एक महिला रास्ते से जा रही है, तभी सड़क धंस जाती है। उसके बाद महिला गड्ढे में ही गिर जाती है। इसका वीडियो अब वायरल हो रहा है। यह वीडियो समाजवादी छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष मुलायम सिंह कुशवाहा की फेसबुक से पोस्ट हुई है, जिसके बाद सपा नेता आलोचनाओं से घिर गए हैं। रामनगर के विष्णुपुरी कालोनी निवासी आयुष शुक्ल ने इस वीडियो पर आपत्ति दर्ज कराते हुए कोतवाली नगर में प्राथमिकी दर्ज कराई है। हालांकि यह फेसबुक एकाउंट समाजवादी छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष का है अथवा नहीं इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है। वीडियो को साकेत महाविद्यालय छात्रसंघ के पूर्व महामंत्री अवधेश यादव ने भी शेयर किया है। फेसबुक एकाउंट पर प्रदेश अध्यक्ष की पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के साथ कई चित्र भी हैं। अपने इस कृत्य को लेकर आरोपी सपा नेता भाजपा के निशाने पर है। हालांकि समाजवादी छात्र सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवांशु तिवारी ने बताया कि छात्रसभा के प्रदेश अध्यक्ष का नाम विनीत कुशवाहा है

# संक्षेप

## अधिकारियों ने किया तालाबो का निरीक्षण

**सीडीओ ने मनरेगा योजना के तहत तालाबों की खुदाई कार्यों का निरीक्षण कर जरुरी दिशा निर्देश दिए**

अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर। मानसूनी बारिश के चलते हो रही बारिश के बीच जनपद के सीडीओ पवन कुमार मीना ने खंड विकास अधिकारी विपुल विक्रम सिंह के साथ बिकास खंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मानेपुर के बड़ा तालाब एवं ग्राम पंचायत निरखी के तालाब का निरीक्षण किया दोनों ही तालाबों में मनरेगा योजना के तहत चल रहे खुदाई कार्यों का बारीकी से निरीक्षण कर पंचायत कर्मियों एवं प्रतिनिधियों जरुरी दिशा निर्देश दिए इस दौरान पंचायत कर्मी एवं पंचायत प्रतिनिधियों समेत ग्रामीण भी मौजूद रहे।

## इंडियन रेडक्रास सोसायटी ने दिया बंदियों के लिए फास्टऐड किट

अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जनपद में शनिवार को इंडियन रेडक्रास सोसाइटी के तत्वावधान व जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ निशात शहाबुद्दीन एवं चेयरमैन डॉ अनुराग श्रीवास्तव के नेतृत्व में जिला कारागार में बंदियों के बैरक में आकस्मिक चोट इत्यादि लगने पर उन्हें चिकित्सकीय सहायता हेतु 5 फर्स्टएड किट जेल अधीक्षक प्रमोद कुमार त्रिपाठी को प्रदान की गई। इस फर्स्टएड किट में रुई, पट्टी, मलहम, सैनिटाइजर इत्यादि रखी गई हैं।इस अवसर पर जेलर सुरेश चंद्रा, सचिव इंडियन रेडक्रास सोसाइटी अजीत सिंह उपस्थित रहे।

## जालौन में डंपर में पीछे से घुसा ट्रक

अमन लेखनी समाचार

जालौन, जालौन में झांसी-कानपुर नेशनल हाईवे 27 पर दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। यहां तेज रफ्तार ट्रक आगे जा रहे डंपर में पीछे से घुस गया। हादसे में ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे को देख राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक के चालक को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। यहां इलाज के दौरान चालक ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। एटा जनपद के हिम्मतपुर निवासी सुशील कुमार 35 वर्ष ट्रक चलता था। वह सोमवार को मुंबई से ट्रक लेकर सिलीगुड़ी जाने के लिए निकला था, जैसे ही ट्रक आज सुबह एट कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत आने वाले झांसी कानपुर नेशनल हाईवे 27 स्थित ग्राम पिरौना के पास पहुंचा। तभी चालक सुशील कुमार अपना संतुलन को बैठा और ट्रक आगे जा रहे डंपर में पीछे से जा घुसा। जिससे चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे तत्काल मेडिकल कॉलेज पहुंचाया।

# क्षेत्र के लिए वरदान साबित होगा जयप्रकाश नारायण सर्वोदय बालिका विद्यालय - मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। सहजनवां ब्लाक के ग्राम पंचायत अनन्तपुर के सिसवा (हरपुर) में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित आश्रम पद्धति विद्यालय जो अब जयप्रकाश नारायण सर्वोदय बालिका विद्यालय सिसवा अनन्तपुर (हरपुर) के नाम से 35 करोड़ 33 लाख की लागत से बने विद्यालय का लोकार्पण शनिवार को उत्तर प्रदेश के यशश्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कर कमलों द्वारा किया गया। लोकार्पण के बाद उपस्थित छात्राओं, अभिभावकों एवं गणमान्य लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जिले में बालक आवासीय विद्यालय कई जगह संचालित हो रहे हैं, लेकिन बालिका आवासीय विद्यालय की कमी को पूरा करने के लिए यह जयप्रकाश नारायण सर्वोदय बालिका विद्यालय सिसवा अनन्तपुर (हरपुर) में खुल जाने से इस क्षेत्र के लिए वरदान साबित होगा। उक्त बातें यशश्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को सिसवा अनन्तपुर (हरपुर) में जयप्रकाश नारायण आवासीय बालिका विद्यालय लोकार्पण के अवसर पर कहा। उन्होंने कहा कि इस विद्यालय में जिले के हर ब्लाक के छात्राएं प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद निःशुल्क शिक्षा ग्रहण कर सकती हैं। इस विद्यालय में कक्षा छठवीं, सातवीं और आठवीं में कुल 210 छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर सकती हैं।उन्होंने अभिभावकों और शिक्षकों से पाल्यों को समय-समय पर निगरानी करते रहने की बात पर जोर दिया। इस अवसर पर समाज कल्याण मंत्री अशीम अरुण, विधायक प्रदीप शुक्ला, खजनी विधायक श्रीराम चौहान, रामपाल सिंह, पंचायती राज सलाहकार मदनमुरारी गुड्डू, मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र शुक्ला, एम पी शुक्ला, रानू शुक्ला, राम उजागिर शुक्ला शुक्ला सहित अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# रेशमा रावत कृषक इंटर कालेज का 50 वर्ष पूरा होने पर कार्यक्रम



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। रेशमा रावत कृषक इंटर कॉलेज भीटी रावत गोरखपुर विद्यालय को 50 वर्ष पूरा होने पर संस्थान द्वारा रेशमा रावत की मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए विद्यालय के प्रबंधक यशपाल सिंह रावत प्रधानाचार्य अश्वनी प्रताप सिंह विद्यालय का अध्यापक एवं छात्र पुष्प चढ़ाएं एवं पौधारोपण लगाया गया। विद्यालय के प्रांगण में और विद्यालय का गौरव गाथा किया गया 50 वर्ष में जो उपलब्धियां ने विद्यालय ने उसके बारे में बच्चों को बताया गया और शुभकामनाएं एक दूसरे को दिया गया बताया गया कि क्षेत्र में गरीब बच्चों दूर दराज के गांव के लोग यहां पर आकर अपना पढ़ाई करते हैं विद्यालय के आने वाले समय में किस तरह के बच्चों को पठान पाठन दे सके और क्या विद्यालय में किया जाए जिससे विद्यालय का विकास हो सके।और जिन्होंने विद्यालय में योगदान किया है। उनको भी याद किया गया।

# भरभरा कर गिरी विद्यालय की छत,छुट्टी होने से बड़ा हादसा टला

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत हरपुर बुदहट क्षेत्र में जर्जर विद्यालय की छत गिर गई। गनीमत रही कि घटना के वक्त छात्र और अध्यापक कोई मौजूद नहीं थे। विकास खण्ड सहजनवां के ग्राम सभा रामपुर के दुल्टहीं (गुल्टहीं) में स्थित कम्पोजिट प्राथमिक विद्यालय की दो कक्षिय भवन की छत शनिवार को भरभरा कर गिर गयी।



संयोग अच्छा था कि स्कूल बंद होने से छात्र और शिक्षक बाल-बाल बच गए। प्राथमिक विद्यालय में लगभग 100छात्र और छात्राएं अध्यनरत हैं। विद्यालय भवन का निर्माण लगभग 12 वर्ष पहले ही हूआ था, विद्यालय में लंच के बाद बच्चे उसी भवन में लंच करने तथा खेल कुद के लिए जाते हैं, शनिवार को विद्यालय की छुट्टी होने के कारण बड़ा हादसा होने से बच गया, फिलहाल ग्रामीणों ने बताया की छत में बहुत कम मात्रा में छड़ एवं खराब क्वालिटी का सिमेंट प्रयोग किया गया था जो साफ गिरी छत में दिख रहा है, इस सम्बंध में खंड शिक्षा अधिकारी से बात करने पर तबादला हो जाने के कारण कुछ कहने से इंकार किया।

# यूपीएससी में जनपद के बेटे ने गौरवान्वित किया जनपद

**सुधांशु सिंह का सी.ए.पी.एफ असिस्टेंट कमांडेंट में हुआ चयन**

अमन लेखनी समाचार/निर्मित द्विवेदी

बिंदकी, फतेहपुर, ।उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जनपद में संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सी.ए.पी.एफ. असिस्टेंट कमांडेंट 2023 परीक्षा परिणाम में सुधांशु सिंह (उम्र 23 वर्ष) ने अपने प्रथम प्रयास में 233वाँ स्थान प्राप्त कर जनपद का नाम रोशन किया है। सुधांशु 16 जून 2024 को आयोजित सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा को भी उत्तीर्ण कर मुख्य परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। परिणाम आते ही इनके ननिहाल बिन्दकी तहसील अन्तर्गत ग्राम बैरागीखेड़ा में खुशी की लहर छा गई। नाना जी नारेन्द्र सिंह, जितेन्द्र सिंह (जे०के० पटेल) एवं माँ रेखा वर्मा के प्रोत्साहन आशीर्वाद ने लक्ष्य को भेदने में सफल किया। सुधांशु का कहना है कि मेरी इस सफलता में मेरे बड़े मामाजी अरविन्द कुमार (आयुक्त आयकर) बड़ी मामी जी अमृता सिंह (आयुक्त आयकर) छोटे मामाजी सतेन्द्र सिंह (सेल्स टैक्स अधिकारी) मामी नीता वर्मा लोगों का श्रेय है। साथ ही मौसा जी सतीश कुमार, प्रोफे० डॉ० रंजीत सिंह, अमरेन्द्र कुमार वर्मा (न्यायाधीश) एवं सपरिवार की प्रेरणा से यह सफलता प्राप्त हुयी है। सुधांशु सशस्त्र बल में अपनी सेवाएं देकर देश रक्षा करेंगे।

# आकाशीय बिजली गिरने से बच्चे की मौत

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। ग्राम चवरिया बुजुर्ग निवासी अवधेश प्रसाद के पुत्र अनमोल उम्र 13 वर्ष की आकाशीय बिजली गिरने से गम्भीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में लोग कौड़ीराम पी एच सी लेकर पहुंचे जहां पर डाक्टर ने देखने के बाद मृत घोषित कर दिया। प्रधान के जानकारी देने पर मौके पर सोहगौरा चौकी इंचार्ज, पान्डेय पार चौकी इंचार्ज सिपाहियों के साथ पहुँच कर जानकारी लिए और उसके बाद लाश को पोस्टमार्टम के लिए गोरखपुर भेज दिया गया। अवधेश बहुत ही गरीब परिवार से है मुम्बई में पेन्ट पालिश कर परिवार का भरणपोषण करते हैं। इनके पास एक लड़का और एक लड़की है। ईकलोते पुत्र के आकस्मिक निधन से परिवार वालों का बुरा हाल है।

# भगवान शिव प्राण प्रतिष्ठा हेतु प्राचीन काली माता मंदिर में निकली शोभा यात्रा

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद फतेहपुर के ग्राम चक काजीपुर, अयाह विकास खंड बहुआ में प्राचीन काली माता मंदिर का पुनरोद्धार भगवान शिवजी सपरिवार प्राण प्रतिष्ठा हेतु शोभा यात्रा का आयोजन मुख्य यजमान आशा देवी व प्रमोद द्विवेदी सनातन धर्म प्रचार मंच के वरिष्ठ सदस्य निवासी दक्षिणी गौतम नगर फतेहपुर द्वारा किया गया। जिसमे प्रधान आचार्य पंडित दुर्गा दत्त शास्त्री, आचार्य आचार्य पंडित रामकरण अग्निहोत्री संतोष मिश्रा आदि जिसमे पूरे गांव के मंदिरों की शोभा यात्रा निकाल कर सभी देवी देवताओं से मिलते हुए शोभा यात्रा प्राचीन काली मंदिर में समाप्त हुई।मंदिर में कल रविवार को प्राण प्रतिष्ठा और विशाल भंडारे का आयोजन होगा। जिसमे सभी भक्तगण आमंत्रित है। इस अवसर पर सनातन धर्म प्रचार मंच फतेहपुर के अध्यक्ष केशव राम त्रिपाठी, सक्रिय सदस्य बीपी पांडे, भोला प्रसाद मिश्र, शोभा सिंह, राजकिशोर अग्निहोत्री, विवेक दीक्षित, प्रमोद द्विवेदी, दयाशंकर त्रिपाठी, संतोष सिंह, राजू, प्रेम शंकर मिश्र, प्रवक्ता वरिष्ठ समाजसेवी रीता पाण्डेय, कविता अग्निहोत्री तथा सहयोगी संगठन श्री बिहारी मोटेश्वर महादेव विकास समिति फतेहपुर के आचार्य रवि शंकर मिश्र एवम ग्रामवासी भक्तगण उपस्थित रहे। उपरोक्त जानकारी अजय सिंह चौहान मीडिया प्रभारी सनातन धर्म प्रचार मंच के द्वारा दी गई।

# प्रधान संघ अध्यक्ष ने बेटी के जन्म दिन पर किया पौधारोपण

अमन लेखनी समाचार



सहजनवा गोरखपुर। पर्यावरण में संतुलन बनाए रखने के लिए पौधे हमारे जीवन के लिए महत्वपूर्ण होते है। इनसे हमे जो आक्सीजन मिलता है। उसी से पूरा विश्व जिंदा है। इसी लिए कहा गया है। एक पेड़ दस पुत्र समान। हम सभी की जिम्मेदारी बनती है कि जीवन को सुरक्षित रखने के लिए एक पेड़ जरूर लगाए। जिससे सभी का जीवन सुरक्षित बना रहे। उक्त बातें प्रधान संघ अध्यक्ष बंशीधर यादव ने अपने बेटी के जन्मदिन पर पौधारोपण करते हुए कही।

# मासिक बैठक में समाजवादियों ने की विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

अमन लेखनी समाचार

शोभित शुक्ला

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जनपद में मासिक बैठक में समाजवादी पार्टी कार्यालय में शीर्ष नेतृत्व के सम्पन्न हुई। बैठक में आए हुए सभी लोगों को लोकसभा चुनाव के जीत की बधाई दी गई तथा वोटर पुनिरीक्षण कार्य को विधानसभावार कियें जानें का निर्देश दिया गया। विधानसभा, नगर, ब्लाक अध्यक्षों व फन्टल के सभी अध्यक्षों को निर्देशित किया गया, कि अपनी कमेटियाँ दुरूस्त करके कार्यालय में जमा करें तथा प्रत्येक संगठन अनिवार्य रूप से मासिक बैठक करनें का कार्य करें। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप सिंह यादव ने किया व संचालन जिला महासचिव चौधरी मंजरयार ने किया। इस बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित पूर्व सांसद डा अशोक पटेल, हुसेनगंज विधायक ऊषा मौर्या, विधायक सदर चन्द्रप्रकाश लोधी, चेयरमैन राजकुमार मौर्य, विपिन सिंह यादव, जगदीश सिंह चौहान, वलीउल्ला, नफीशुद्दीन, बीरेन्द्र यादव, दलजीत निषाद, रामतीर्थ परमहंस, सरिजपाल रावत, रामकृपाल सोनकर, रीता प्रजापति, शकील गोल्डी, अमित मौर्या, संदीप माली, डा० अमितपाल, हेमन्त कुमार तिलक, उदयराज लोधी, देवेन्द्र लोधी, जयकरन यादव, सुघरलाल यादव, मनोज यादव, सियाराम यादव, श्रीचन्द्र विश्कर्मा, इफ्तखार अहमद, राजबाबू यादव, गागीर्दीन, कामता प्रसाद, पवन द्विवेदी, अरूण यादव, अशोक यादव, बाजपेई, रईस अहमद, अनिल यादव, शिवसिंह यादव, नागेन्द्र यादव, मोहसिन, केतकी यादव, अयूब खान, कपिल यादव, अभिषेक कुमार दिवाकर, बीरेन्द्र साहू, बृजेन्द्र यादव, शिवकरन पाल, राज निषाद, शिवसहाय, सुहैल अहमद, दिनेश मौर्या, इब्राहीम, सुरेश दिवाकर, डीजी कुशवाहा, फूल सिंह मौर्या, धीरेन्द्र मौर्य, अमित सुहैल, अमरेन्द्र निषाद, सोनू वर्मा, मो० रजा, अनिल प्रजापति, अब्दुल मबूद, शब्बीर खान, रिजवान, आदि लोग उपस्थित रहे।

# जनपद में सम्पूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जनपद में संपूर्ण समाधान दिवस तहसील खागा में जिलाधिकारी सी.इंदुमती, पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हुआ। जिलाधिकारी ने संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतकताओं की समस्याओ को सुना और अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतो को मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण, संतुष्टिपरक, समय से निस्तारण किया जाय, कोई भी शिकायत लंबित न रहे, शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही की जायेगी। उन्होंने कहा कि राजस्व लेखपाल संक्रमणीय भूमि में यदि भूमि विवाद है, तो उसका नियमानुसार पैमाइस कराकर निस्तारण कराया जाय, साथ ही पैमाइस की वीडियोग्राफी भी कराई जाय। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को शिकायतो का समयावधि में निस्तारण के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील खागा में कुल 254 शिकायतें प्राप्त हुई, के सापेक्ष 19 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया, शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु आवश्यकतानुसार पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई। इस मौके पर उपजिलाधिकारी खागा अजय कुमार पाण्डेय, पुलिस क्षेत्राधिकारी, प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी, तहसीलदार खागा सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण मौजूद रहे।



# एनकाउंटर अनेक, मगर कहानी सबकी है एक

अमन लेखनी समाचार

बुलंदशहर, शासन के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए कोतवाली पुलिस की टीम संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान सामने की तरफ से मोटरसाइकिल पर दो संदिग्ध आते दिखाई दिए। पुलिस की टीम ने जैसे ही संदिग्धों को रुकने का इशारा किया तो वह भागने लगे। पुलिस की टीम ने भी संदिग्धों का पीछा किया। इसी दौरान उनकी मोटरसाइकिल मोड़ पर फिसल गई और वह जंगल की तरफ भागने लगे। पुलिस से खुद को घिरता देख आरोपियों ने फायरिंग शुरू की। आत्मरक्षा के लिए पुलिस की जबावी फायरिंग में एक बदमाश के पैर में गोली लग गई। दूसरा बदमाश अंधेरा का फायदा उठाकर वहां से भाग निकला। पुलिस ने घायल बदमाश को जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया है, जबकि फरार बदमाश की तलाश जारी है। जी हां, बुलंदशहर जनपद में पिछले एक साल में हुए 50 से अधिक एनकाउंटरों की यही कहानी है। इस कहानी में सिर्फ किरदार, समय, जगह और कोतवाली पुलिस बदल जाती है, बाकी की कहानी ज्यों की त्यों होती है। बुलंदशहर में हो रहे एनकाउंटर इसी कहानी को हर बार बयां कर रहे हैं। अब यह इत्तेफाक है या झूठी कहानी, इसे या तो ईश्वर जानता है या बुलंदशहर पुलिस। इस कहानी में सबसे दिलचस्प बात यह है कि एनकाउंटर की जगह एसओजी की मौजूदगी जरूर होती है। ऐसा इसलिए होता है कि वारदात में शामिल अधिकांश बदमाशों को एसओजी की टीम ही पकड़ती है। अब वह उस बदमाश को संबंधित कोतवाली को सौंप देगी तो कोतवाली पुलिस का गुड वर्क हो जाएगा। ऐसे में सम्बंधित कोतवाली पुलिस और एसओजी दोनों फर्जी एनकाउंटर की इस फर्जी स्क्रिप्ट को तैयार करते हैं

# अवैध रूप से संचालित 4 अस्पताल, 3 पैथोलॉजी सीज

- सोनभद्र में स्वास्थ्य विभाग ने की कार्रवाई, डीएम के आदेश पर चला जांच अभियान

अमन लेखनी समाचार




सोनभद्र, सोनभद्र मे अवैध रूप से चल रहे अस्पताल और पैथोलॉजी सेंटर को जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह ने स्वास्थ्य विभाग को कार्रवाई करने का आदेश दिया। स्वास्थ्य विभाग ने अवैध रूप से संचालित चार निजी अस्पतालों और तीन पैथोलॉजी सेंटरों को बंद करने का नोटिस जारी किया है। वहीं एक अन्य हॉस्पिटल का ओटी सीज कर नोटिस जारी किया है। प्राइवेट चिकित्सालयों के नोडल अधिकारी डॉ. गुलाब शंकर यादव की अगुवाई वाली टीम ने अस्पतालों की चेकिंग का अभियान चलाया। संबंधित अस्पतालों के पंजीकरण/नवीनीकरण फाइलों की जांच की गई। पाया गया कि लोढ़ी स्थित आरटीओ कार्यालय के पास तृषा हॉस्पिटल में ओटी में मानकों का बिल्कुल ख्याल नहीं रखा गया। ओटी को बंद कराते हुए चेतावनी जारी की गई कि यहां किसी भी प्रकार का सर्जिकल कार्य नहीं किया जाएगा। फिर टीम परमहंस हॉस्पिटल उरमौरा पहुंची। निरीक्षण के समय दर्शाए गए चिकित्सकों में एक भी चिकित्सक मौजूद नहीं मिला।

# पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए बच्चो ने छेड़ी एक मुहिम

**धरती की हरीतिमा को बचाए रखने के लिए पौधरोपण कर किया जागरूक**

अमन लेखनी समाचार/निर्मित द्विवेदी

बिंदकी, फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जनपद के बिंदकी तहसील के मलवा विकास खंड के संदीपनी पब्लिक स्कूल अदमापुर को टीवीरसम में वन विभाग बिंदकी रेंज के द्वारा वन महोत्सव सप्ताह के तहत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया व धरा की हरीतिमा को बचाए रखने के लिए पौधरोपण कर जागरूक किया गया। क्षेत्रीय वन अधिकारी आर एस विष्ट ने कहा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में वन विभाग का बढ़ाया हुआ कदम तभी सार्थक होगा जब हम सब लोग वृक्षों के कटान को रोकेंगे और अधिक से अधिक पौधारोपण करेंगे। निबंध प्रतियोगिता मे प्रथम सुमित कक्षा 11, द्वितीय प्रज्वलिता बाजपेई कक्षा 9 व तृतीय कक्षा 9 की खुशी व सांत्वना रही जिन्हे पुरस्कृत किया गया।इस मौके पर विभिन्न प्रजातियों के पाँच पौधे रोपित किये गए। इस अवसर पर मुख्य रूप से ब्लाक प्रमुख पति शशी रमनजीत सिंह, जिला पंचायत सदस्य विक्रम सिंह, विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवेंद्र सिंह, लालू सिंह, वन दरोगा श्रवण कुमार शुक्ला, वन दरोगा रविंद्र कुमार, महेंद्र प्रताप सोनकर, विवेक कुमार आदि रहे।

# मेरठ में बीच सड़क पर युवती के साथ छेड़छाड़

- पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी, महिला के साथ जा रही थी

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, मेरठ में शोहदे ने बीच सड़क पर युवती से छेड़छाड़ कर दी। शोहदा छेड़छाड़ करते समय सीसीटीवी में कैद हो गया। युवती ने एक महिला के साथ बुर्के में जा रही थी। तभी बेखौफ मनचला युवती के पास पहुंचा और सरेआम छेड़छाड़ कर फरार हो गया। मनचले द्वारा सरेआम छेड़छाड़ की घटना का सीसीटीवी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वहीं शोहदा अभी तक गिरफ्तार नहीं हुआ है। थाना कोतवाली क्षेत्र के भटवाड़े की है। मेरठ के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित मोहल्ला भातवाड़ा में एक मनचला बीच सड़क पर युवती के साथ छेड़छाड़ कर रहा है। छेड़छाड़ की घटना निकट लगे सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गई, जो वायरल हो रही है। मनचले के हौसले इतने बुलंद है कि उसे युवती के साथ चल रही महिला और आसपास मौजूद लोगों का भी नजर नहीं आ रहा है। हालांकि वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लेकर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ के अभियान की बीच सड़क पर खुलेआम धज्जियां उड़ा रहा है। वीडियो के बारे में कोतवाली थाना प्रभारी नरेश कुमार का कहना है कि वायरल वीडियो संज्ञान में आया है। जांच कराई जा रही है। आरोपी को गिरफ्तार कर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसएसपी डॉ. विपिन ताडा का कहना है कि वीडियो संज्ञान में आया है, पुलिस टीम वीडियो के आधार पर युवक को तलाश कर रही है।

## संक्षेप

### ग्राम पंचायतों को ओ डी एफ प्लस माडल बनाने को 12जुलाई को होगी स्वच्छ भारत मिशन की कार्यशाला

अमन लेखनी समाचार

अमेठी। स्वच्छ भारत मिशन -, ग्रामीण,फेज-2के अन्तर्गत ग्राम पंचायतों को ओ डी एफ -प्लस,माडल ग्राम के रूप में विकसित करने की योजना की प्रगति काफी धीमी है। सार्वजनिक शौचालयों का संचालन ठीक से न होने के कारण खुले में शौच की प्रवृत्ति अभी दूर नहीं हुई है। पिछले दो साल के भीतर निर्मित सभी कूड़ा प्रबंधन केन्द्रों का संचालन नहीं हो पाया है। प्रगति में सुधार के लिए 12जुलाई को जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर में एक दिवसीय अनावासीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया है। व्यक्तिगत शौचालयों के निर्माण के लिए 1389लाभार्थियों के खाते में 83.34लाख रूपए की प्रथम किश्त की धनराशि भेजी गई हैं। जिले में कुल 682ग्राम पंचायतें हैं, स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत 397ग्राम पंचायतों को चयनित किया गया है। सभी ग्राम पंचायतों में कूड़ा प्रबंधन केन्द्रों के निर्माण के साथ शत प्रतिशत शौचालय एवं अन्य स्वच्छता संरचनाओं का निर्माण होना है।30जून तक 122कूडा प्रबंधन केन्द्रों का निर्माण पूरा हुआ है। संचालन केवल 42का हो रहा है। शौचालयों के निर्माण की प्रगति भी ठीक नहीं है।

### सांसद किशोरी लाल शर्मा ने बांटा पीड़ित परिवारों का दुःख

**– शिक्षक डा0 रमेश सिंह की मां और कांग्रेस नेता संजय सिंह के भाई के निधन पर शोक व्यक्त किया**

अमन लेखनी समाचार

अमेठी। सांसद किशोरी लाल शर्मा ने शनिवार को दोपहर बाद कोहरा और बेवल गांव पहुंचकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की और पीड़ित परिवारों से मिलकर शोक संवेदना जताई। सांसद के साथ वरिष्ठ कांग्रेस नेता सर्वेश सिंह और कई अन्य लोग भी मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील सरीला में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न

**सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त 229 शिकायतों में से 26 का तत्काल मौके पर हुआ निस्तारण**

अमन लेखनी समाचार/ उमेश दीक्षित



हमीरपुर ।जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा की उपस्थिति में जनपद स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सरीला तहसील में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कुल 229 शिकायतें प्राप्त हुई , जिसमें से 26 शिकायत का मौके पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के शीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस शासन का महत्वपूर्ण कार्यक्रम है इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी ।सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने जन समस्याओं को सुनने के पश्चात उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया तथा कहा कि किसी भी शिकायत के निस्तारण में मौके पर जाकर दोनों पक्षों से मिलकर उनकी बातों को अवश्य सुना जाए । संपूर्ण समाधान दिवस के दिन संपूर्ण समाधान दिवस के पूर्व व पश्चात विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा अपनी साइट/ क्षेत्र/ कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया जाय तथा उसकी आख्या उपलब्ध करायी जाय। जिलाधिकारी ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस ,आईजीआरएस पोर्टल, मुख्यमंत्री संदर्भ /1076 के संदर्भ / शिकायतों का निष्पक्षता पूर्वक एवं समयबद्ध ढंग से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए ताकि शिकायतकर्ता को बार-बार परेशान ना होना पड़े । कहा कि शिकायतों का ग्राउंड लेवल पर निस्तारण कर शिकायतकर्ता को संतुष्ट किया जाय । उन्होंने कहा कि जिस स्तर की शिकायत है उसका उसी स्तर पर निस्तारण अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। किसी भी दशा में वही शिकायत अगले समाधान दिवस में प्राप्त नहीं होनी चाहिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में अनुपस्थित अधिशाषी अभियन्ता नलकूप, श्रम प्रर्वतन अधिकारी,जिला आयुर्वेदिक होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश संबंधित को दिए, तथा जिलाधिकारी द्वारा एक पौधा माँ के नाम बृहद् वृक्षारोपण कार्यक्रम अभियान के उपलक्ष्य में तहसील परिसर सरीला में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक,उपजिलाधिकारी सरीला ,जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी तथा अन्य संबंधित विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे ।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

अमन लेखनी समाचार



अमेठी। जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से आज जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में तहसील अमेठी में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग के संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए। आज तहसील अमेठी में कुल 89 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 04 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया, तहसील गौरीगंज में 32 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 04 का निस्तारण किया गया, तहसील तिलोई में 42 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें 02 का निस्तारण किया गया तथा तहसील मुसाफिरखाना में 39 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 04 शिकायतों का निस्तारण किया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त जनपदीय अधिकारियों को निर्देश दिए की सभी अधिकारी अपने-अपने कार्यालय में प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक जन समस्याओं को सुने तथा उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी अमेठी आशीष सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, तहसीलदार अमेठी सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# 'वन महोत्सव सप्ताह' के अंतर्गत पूर्व केंद्रीय मंत्री भानुप्रताप वर्मा ने किया पौधरोपण



अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव

गरौठा,झांसी। वन महोत्सव सप्ताह के अन्तर्गत बामौर रेन्ज गरौठा वन प्रभाग झाँसी के तत्वाधान में ग्राम डिकौली के माता मन्दिर परिसर में पौधरोपण किया गया ।इस अवसर पर जन सामान्य को वृक्षारोपण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से भानुप्रताप वर्मा पूर्व केन्द्रीय मंत्री भारत सरकार के मुख्य आतिथ्य में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया ।इस दौरान हरिशंकरी पौधो का रोपड़ किया गया। तत्पश्चात बामौर रेंज के प्रभारी क्षेत्रीय वनाधिकारी विपुल सिंघल आईएफएस के द्वारा पर्यावरण की कक्षा एवं प्रत्येक व्यक्ति को एक पेड़ माँ के नाम लगाने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर अवधेश प्रताप सिंह बुंदेला क्षेत्रीय वन अधिकारी ने सभी से अधिक से अधिक संख्या में वृक्षारोपण करने की अपील की और कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया ।इस मौके पर जयचंद्र राजपूत चेयरमैन एरच, राजेन्द्र कुशवाहा डिप्टी रेंजर, बलवीर वन दरोगा, तेजप्रताप वन रक्षक व समस्त स्टाफ तथा ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# ठेकेदारी के व्यवसाई ने खुद को मारी गोली, मौत

**अमर कांस्ट्रक्शन के संचालक के आत्महत्या करने से क्षेत्र में पसरा सन्नाटा।**

अमन लेखनी समाचार



तिलोई,अमेठी। मोहनगंज थानाक्षेत्र के खानापुर चपरा गांव के दसवंत का पुरवा निवासी अमर कांस्ट्रक्शन के संचालक और बड़े स्तर पर ठेकेदारी का व्यवसाय करने वाले और समाज सेवी अमरजीत सिंह 50 वर्ष ने शुक्रवार की रात गोली मारकर आत्म हत्या कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।सूचना पर पहुंची मोहनगंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेजा है। जानकारी के मुताबिक अमरजीत सिंह शुक्रवार की रात बिजली न होने के चलते दरवाजे पर नवनिर्मित भवन के कमरे में जहां इनवर्टर लगा था लेटने चले गए।रात बारह बजे के आसपास फायर होने की आवाज आई तो परिवार लोग कमरे के पास पहुंचे तो अमरजीत सिंह की कनपटी के पास से खून बह रहा था और अचेतावस्था में थे आनन फानन गाड़ी में लेटाकर जगदीशपुर इंडस्ट्रियल एरिया स्थित एक निजी चिकित्सालय ले जाया गया जहां गंभीर हालत देखते हुए चिकित्सक ने लखनऊ रेफर कर दिया और लखनऊ ले जाते समय रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया ।अमरजीत सिंह के निधन की सूचना से जहां घर में कोहराम मच गया वहीं क्षेत्र में सूचना फैलते ही शनिवार की सुबह बड़ी संख्या में क्षेत्र के एवं आसपास के गांवों के लोग उनके आवास पर पहुंचे ।थानाध्यक्ष की तत्परता से सुबह ही पोस्टमार्टम के लिए शव भेज दिया गया था और दोपहर साढ़े बारह बजे गांव में अंत्येष्टि कर दी गई ।अमरजीत सिंह की अंत्येष्टि में राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, तिलोई प्रमुख प्रतिनिधि कृष्णकुमार सिंह मुन्ना, ज्ञानेंद्र सिंह राम जी, अंकित पासी प्रमुख सिंहपुर, राजेंद्र सिंह, शिव प्रताप सिंह, गुड्डी सिंह, महेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। अपने पीछे पत्नी और एक पुत्र और पुत्री को छोड़ गए। अमरजीत सिंह अपने पीछे पत्नी रूपा सिंह पुत्री आंशी सिंह और पुत्र आशुतोष सिंह को छोड़ गए हैं सभी दहाड़े मारकर रो रहे रहे थे। पत्नी रूपा सिंह का रुदन सुन हृदय द्रवित हो जा रहा था। कि अब इन बच्चों की छाया को होए।

# सहकार भारती झाँसी विभाग ने मनाया 102 वां अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस

अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव

झाँसी। अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस 6 जुलाई के अवसर पर शनिवार को झाँसी महानगर में प्रदेश कार्य समिति डॉक्टर संदीप के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रवीण भार्गव विभाग सहसंयोजक सहकार भारती द्वारा की गई। प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉक्टर संदीप सरावगी ने अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि हम सभी लोगों को सहकारिता के माध्यम से कार्य करने की आवश्यकता है जिसमें लोगों को आर्थिक उन्नति के साथ-साथ देश का अवसर प्राप्त होता हैं। सहकारिता के क्षेत्र में जुड़कर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं सहकारिता का क्षेत्र व्यापक है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनुषांगिक संगठन सहकार भारती सहकारिता के क्षेत्र में कार्य कर रही है। जिसके पूरे देश में लाखों की संख्या में सदस्य हैं सारे लोग सहकारिता की उन्नति के साथ-साथ आर्थिक उन्नति कर रहे हैं साथ ही उन्होंने कहा की पूर्ण मन से कार्य करने की आवश्यकता है ।सहकार भारती के कार्यकर्ता को चाहिए कि वे अधिक से अधिक सहकारी समितियों को बनाएं ये सहकारी समितियों विभिन्न क्षेत्रों के लिए हों सकती हैं। साथ ही लोगों की इस समिति से जोड़ कर लोग को रोजगार देने का कार्य करे। सहकारिता से ही बुंदेलखंड को स्वावलंबी बनाया जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन झांसी महानगर के सह संगठन प्रमुख अतुल वर्मा के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष सतीश राय एवं उपाध्यक्ष प्रेमेंद्र कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर अनिल तिवारी, करण यादव, रामबाबू कोस्टा, अनिल तिवारी, सोनू यादव, राज कपूर यादव, अज्जू, अरुण वर्मा, कमल मेहता, चंदन पाल, संदीप नामदेव, बसंत गुप्ता सुशांत गेड़ा, हरगोविंद सिंह, अनिल वर्मा, आशीष विश्वकर्मा, अरुण पांचाल, दीक्षा साहू आदि उपस्थित रहे।

# राजस्व कार्यों को लेकर जिलाधिकारी ने की समीक्षा,

**संबंधित अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश**

अमन लेखनी समाचार

अमेठी।जिलाधिकारी निशा अनंत ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ राजस्व कार्यो की साप्ताहिक बैठक कर विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं की समीक्षा किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने न्यायालयों में लंबित वादों की समीक्षा किया तथा पिछले 5 साल से लंबित वादों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने राजस्व वसूली की समीक्षा किया और वसूली की प्रगति बढ़ाने को कहा। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने बैठक में राजस्व विभाग के अन्य कार्यों जिसमें रियल टाइम खतौनी, घरौनी, सीमा स्तंभ, कृषक दुर्घटना बीमा योजना, आईजीआरएस, आडिट आपत्ति, दैवीय आपदा सहित अन्य कार्यों की समीक्षा किया तथा कृषक दुर्घटना बीमा योजना में लंबित आवेदनों को त्वरित निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने तथा शिकायतकर्ता को भी संतुष्ट करने को कहा। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने बैठक में सभी उपजिलाधिकारी को निर्देश दिए की किसी भी आयोजन या कार्यक्रम की अनुमति देने से पूर्व आयोजन के संबंध में पूरी जांच पड़ताल कर लें तथा आयोजक से वार्ता कर लें कि कितनी भीड़ होगी उसी के हिसाब से पुलिस से जांच कराने के उपरांत ही अनुमति दी जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने दैवीय आपदा से संबंधित प्रकरणों पर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश सभी उपजिलाधिकारियों को दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा, समस्त उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार व अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# कांग्रेस -भाजपा जातिवादी पार्टियां, दोनों ने भारतीय संविधान को कमजोर किया

अमन लेखनी समाचार

तिलोई,अमेठी। बहुजन समाज पार्टी के सेक्टर प्रभारियों ने शनिवार को मोहनगंज में बसपा कार्यकताओं के साथ बैठक कर पार्टी संगठन के कार्यों को आगे बढ़ाने और युवाओं को बीएसपी की विचारधारा, रीति नीति और अब तक के सफर ? के बारे में प्रशिक्षित करने पर जोर दिया ।सेक्टर प्रभारी नन्हे लाल, राजकुमार गौतम, वरिष्ठ बसपा नेता आर के बौद्ध, रमेश कुमार मौर्य आदि ने भी बैठक को संबोधित किया ।बहुजन समाज पार्टी के सेक्टर प्रभारी जिया लाल त्यागी ने कहा कि बसपा ही देश में एक मात्र राजनीतिक पार्टी है जो भारतीय संविधान की व्यवस्थाओं के अनुरूप शासन व्यवस्था को समर्पित है। कांग्रेस और भाजपा दोनों जातिवादी और पूंजीवादी पार्टियां हैं ।इनकी गलत नीतियों के कारण ही देश में आज भी गरीबी, बेरोजगारी और मंहगाई की समस्या कम नहीं हो पाई है ।कांग्रेस के शासनकाल में भारतीय संविधान में सबसे अधिक संशोधन हुए ।इस पार्टी ने बाबा साहब डॉ अम्बेडकर के रास्ते में पग पग पर रोड़े अटकाए, जातिवादी मानसिकता के चलते मान्यवर कांशीराम साहब के निधन पर एक दिन का भी राष्ट्रीय शोक नहीं घोषित किया ।2024के चुनाव में इंडिया एलाइंस ने दलित मतदाताओं को संविधान के नाम पर छलने का काम किया है ।सेक्टर प्रभारी छोटे लाल मौर्य ने कहा कि कांग्रेस और भाजपा दोनों ने संविधान को कमजोर करने के अलावा और कुछ नहीं किया ।बहन मायावती जी ने अपने चार बार के मुख्य मंत्रित्व काल में भारतीय संविधान को ठीक ढंग से लागू करने के साथ उत्तर प्रदेश में सर्वसमाज की भलाई के काम किए हैं ।वरिष्ठ बसपा नेता के के आर्य एडवोकेट ने कहा कि बी एस पी को छोड़ कर सभी राजनीतिक दल जातिवादी हैं,2024के लोक सभा चुनाव में इंडिया एलाइंस और एन डी ए ने नूराकुश्ती करके दलित लीडरशिप को खत्म करने की असफल कोशिश की है ।सेक्टर प्रभारी नन्हे लाल, राजकुमार गौतम, वरिष्ठ बसपा नेता आर के बौद्ध, रमेश कुमार मौर्य आदि ने भी बैठक को संबोधित किया ।बसपा के मंडल प्रभारी और पूर्व जिला पंचायत सदस्य दिलीप कुमार विमल ने भी तमिलनाडु बसपा स्टेट यूनिट के अध्यक्ष के आर्मस्ट्रांग की हत्या पर गहरा दुख जताया है। उन्होंने हत्यारोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार को राज्य सरकार की ओर से कम से कम 50लाख रु की आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की है ।गौरीगंज संवाद के अनुसार बसपा की जिला स्तरीय कार्यकर्ता बैठक 9जुलाई को कान्हा मैरिज हाल में बुलाई गई है।

# हर घर नल, हर घर जल पेयजल योजना ग्रामीणों के लिए बनी मुसीबत

**कार्यदायी संस्था बीजीसीसी द्वारा मनमाने तरीके से किया जा रहा कार्य**

अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव



गरौठा,झांसी। प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी हर घर नल,हर घर जल योजना कार्यदायी संस्था के ठेकेदारों की लापरवाही के चलते ग्रामीणों के लिए मुसीबत बनी हुई है। नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग द्वारा डाली जा रही टेहरका ग्राम समूह पेयजल योजना झांसी का कार्य बीजीसीसी प्राइवेट लिमिटेड संस्था द्वारा करवाया जा रहा है। कार्यदायी संस्था द्वारा गरौठा तहसील क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में मनमाने तरीके से पाइप लाइन डाल दी गई है। कई ग्रामों में करीब दो वर्ष पहले पाइप लाइन डालने के लिए सड़के तोड़ दी गई थी जिनकी आज तक मरम्मत नही की गई। बरसात के मौसम में सारे रास्ते कीचड़, गंदगी और पानी से भरे पड़े है, जहां से ग्रामीणों का पैदल निकलना भी मुश्किल हों रहा है ।बाइक सवार राहगीर रास्ते में गिरकर आए दिन चोटिल हो रहे है ।दो दिन पूर्व ग्राम कचीर में ठेकेदार द्वारा मनमाने तरीके से मुख्य रास्ते की सड़क को तोड़कर बीच रास्ते से पाइप लाइन डाल दी गई है,ठेकेदार द्वारा पाइप लाइन डालने के बाद रास्ते को सही नही करवाया गया है जिससे राहगीरों को आवागमन में भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। बरसात होने की वजह से ।मुख्य रास्ते की मिट्टी धंस गई है और जगह जगह गहरे गड्ढे हो गए है जिससे वाहनों के अलावा ग्रामीण पैदल भी नही निकल पा रहे है ।ठेकेदार द्वारा मात्र औपचारिकता पूरी करके कार्य को बंद कर दिया गया है ।ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से शीघ्र ही सुचारू रूप से रास्ता सही करवाए जाने की मांग की है।

# सांसद को पत्र सौंपकर धार्मिक स्थल का सुंदरीकरण कराए जाने की मांग

अमन लेखनी समाचार



कुरारा,हमीरपुर। विकास खंड क्षेत्र के झलोखर गांव निवासी ग्रामीणों ने मां भुइया रानी मंदिर के तालाब की साफ सफाई व नाला निर्माण कराए जाने को लेकर नव निर्वाचित सांसद को पत्र सौंपकर धार्मिक स्थल का सुंदरीकरण कराए जाने की मांग की है क्षेत्र के झलोखर गांव में मां भुइया रानी का अति प्राचीन मंदिर स्थित है। इस मंदिर में वर्ष भर प्रत्येक रविवार को भक्तो का आवागमन रहता है। इस मंदिर के बगल में बने तालाब की स्थित दयनीय हालत में बनी हुई है। गांव की नालियों का पानी तालाब में जाने से पानी दूषित हो गया है। तथा उपयोग के लायक नहीं बचा है। आज झलोखर के भुइया रानी मंदिर में सांसद अजेंद्र सिंह राजपूत के आगमन पर मंदिर के प्रबंधक निर्भय दास प्रजापति व ग्रामीणों ने मंदिर प्रांगण का जीणोर्धार व तालाब की साफ सफाई व नाला निर्माण को लेकर पत्र दिया। तथा मांग की है कि तालाब का पानी दूषित हो जाने से भक्तो को परेशानी का सामना करना पड़ता है। तालाब के पानी निकास की व्यवस्था भी नहीं है। जिससे पानी खराब हो गया है। जो उपयोग के लायक नहीं बचा है। इस मंदिर में आषाढ़ मास के चारो रविवार को मेला आयोजित किया जाता है। जिसमे ब्लाक क्षेत्र के हजारों की संख्या में लोग पूजन अर्चन करते हैं। तथा बाहरी जनपद के भक्त भी आते हैं। मांग पत्र देने के दौरान गांव निवासी अभिषेक त्रिपाठी, करन सिंह, अखिलेश सिंह गौर, बलराम सिंह,कालका प्रसाद, गोल्डी श्रीवास्तव,गोपाल प्रजापति, रोहित नामदेव, अनमोल सिंह आदि मौजूद रहे।

# नव निर्वाचित सांसद के लिए सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार/शिवम् सिंह

कुरारा,हमीरपुर ।कस्बा कुरारा के मां आनंद कृपा गेस्ट हाउस भौली रोड मे हमीरपुर महोबा तिदवारी के नव निर्वाचित सांसद अजेंद्र सिंह लोधी का सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया ।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए समाजवादी पार्टी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य /पूर्व चेयरमैन माया बाल्मीकि ने स्वागत करते हुए कहा कि जनता जनार्दन ने भाजपा सरकार की तानाशाही,महगाई ,बढ़ती बेरोजगारी के खिलाफ वोट देकर समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन के प्रत्यासी पर भरोसा जता कर अजेंद्र सिंह लोधी को विजयी बनाया है इसके लिए मै जनता को प्रणाम करती हू । सभा को सम्बोधित करते हुए अजेंद्र सिंह लोधी सांसद ने उपस्थित लोगो का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस उम्मीद एवं विश्वास के साथ आप लोगो ने मुझे जिता कर सांसद बनाया है मै सदैव आपके विकास एवं सुख दुख में साथ रहूंगा ।कोई विरोधी हमारे कार्यकर्ता का उत्पीड़न करेगा उसका मुंह तोड़ जवाब दिया जाएगा ।सभा को मुख्य रूप से इदरीश खान जिलाध्यक्ष सपा, सौरब यादव,नंदकिशोर शिवहरे,सुरेंद्र यादव,नीता सचान प्रदेश सचिव महिला सभा,ज्ञान सिंह यादव ,नारायनदास अकेला,शुभकारण सिंह परिहार आदि लोगो ने सम्बोधित किया ।सभा मे वर्षा नामदेव नगर अध्यक्ष कुरारा,वलवीर यादव,रहीश अहमद,गया प्रसाद अनुरागी,रामसिंह कठेरिया,छुट्टन यादव,आदि लोग उपस्थित रहे ।

# उ0प्र0 राज्य नगरीय विकास अभिकरण के निदेशक द्वारा नगरीय निकायों का किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार



अमेठी। उ0प्र0 राज्य नगरीय विकास अधिकारी (सूडा) के निदेशक डॉ अनिल कुमार द्वारा आज जनपद अमेठी के भ्रमण के दौरान नगर पालिका परिषद गौरीगंज व जायस में नालों/नालियों की साफ-सफाई की व्यवस्था तथा जनसामान्य हेतु शुद्ध जलापूर्ति की व्यवस्था को लेकर निरीक्षण किया गया। उनके द्वारा नगर पालिका परिषद जायस व गौरीगंज में नालों/नालियों की सफाई व्यवस्था की हकीकत देखी गई एवं नालों/नालियों तथा सड़कों को साफ सुथरा रखें जाने हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम के दृष्टिगत कहीं पर भी जल भराव की समस्या ना रहे। इसके उपरांत उन्होंने निरीक्षण भवन गौरीगंज में अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा, परियोजना अधिकारी डूडा, समस्त अधिशासी अधिकारियों एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक शहरी के साथ बैठक कर विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**



# 'तौबा तौबा' में विक्की के डांस मूव्स के कायल हुए ऋतिक

**मुंबई।** 'बैड न्यूज' का पहला गाना 'तौबा तौबा' रिलीज होने के बाद से ही ट्रेंड कर रहा है और इसकी तारीफ भी हो रही है। हाल ही में, विक्की कौशल के कातिलाना मूव्स ने अभिनेता ऋतिक रोशन का ध्यान अपनी ओर खींचा। 'तौबा तौबा' नाम का यह गाना हाल ही में, रिलीज किया गया। 'तौबा तौबा' शीर्षक वाले इस पार्टी नंबर के वीडियो में गायक करण औजला के अलावा फिल्म की मुख्य जोड़ी, विक्की कौशल और तृप्ति डिमरी शामिल हैं। अब इस गाने के लिए ऋतिक रोशन ने विक्की कौशल के डांस की तारीफ की है, जिसपर अभिनेता ने प्रतिक्रिया दी है। गाना रिलीज होने के बाद, विक्की ने बुधवार को गाने का एक छोटा सा क्लिप शेयर किया है।

लाइफ Style

# आलिया

## 'अल्फा' की शूटिंग शुरू

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आलिया भट्ट, यशराज फिल्म्स (वाईआरएफ) के स्पाई यूनिवर्स पर आधारित अपनी आगामी फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में खबर आई थी कि वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स में आलिया भट्ट जबरदस्त एक्शन करती नजर आएंगी।

आलिया और शारवरी वाघ ने बहुप्रतीक्षित फिल्म के लिए अपनी तैयारी शुरू की थी। वहीं सोशल मीडिया पर फिल्म की शूटिंग को लेकर भी कई तरह की जानकारियां सामने आई थीं। फिल्म के नाम का खुलासा खुद आलिया भट्ट ने अभिनेत्री शरवरी वाघ के साथ मिलकर इंस्टाग्राम पर किया। आलिया भट्ट ने आखिरकार घोषणा कर दी है कि उनकी आने वाली स्पाई यूनिवर्स फिल्म का नाम 'अल्फा' है। बहुप्रतीक्षित फिल्म की शूटिंग आखिरकार शुरू हो गई है। उन्होंने सेट से शूटिंग का पहला वीडियो भी साझा किया।साझा किए गए वीडियो में 'अल्फा' लिखा हुआ था और आलिया की आवाज में कहा गया था, 'ग्रीक वर्णमाला का सबसे पहला अक्षर और हमारे कार्यक्रम का आदर्श वाक्य। सबसे पहले, सबसे तेज, सबसे वीर।

ध्यान से देखो तो हर शहर में एक जंगल है और हर जंगल में राज करेगा एक अल्फा।' आलिया भट्ट के घोषणा वीडियो ने नेटिजन्स को फिल्म के लिए काफी उत्साहित कर दिया है। पोस्ट शेयर होने के तुरंत बाद प्रशंसक कमेंट सेक्शन में अपने उत्साह के बारे में बताने लगे। दर्शकों ने कहा कि अब वे फिल्म की रिलीज का इंतजार नहीं कर सकते।



## हॉलीवुड मसाला



# भारतीय क्रिकेट टीम के हैं प्रशंसक

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड स्टार ह्यू जैकमैन ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान भारतीय क्रिकेट टीम की प्रशंसा की। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि उनका सबसे ज्यादा पसंदीदा भारतीय क्रिकेटर रोहित शर्मा है। उनके साथ इंटरव्यू में मौजूद उनके सह-कलाकार और मित्र रयान रेनॉल्ड्स को भी आश्चर्यचकित कर दिया। ह्यू ने फिर कहा, 'तुमने कप ले लिया।' हॉलीवुड अभिनेता ह्यू जैकमैन प्रशंसकों के बीच बेहद प्रसिद्ध हैं। हॉलीवुड अभिनेता ह्यू जैकमैन इन दिनों अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं।



# अंबानी की शादी का सबसे महंगा स्टार

**मुंबई।** हॉलीवुड के फेमस सिंगर जस्टिन बीबर अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी में परफॉर्म करने के लिए भारत पहुंचे। उनकी फीस अब तक की सबसे ज्यादा बताई जा रही है। देश में उनके कॉन्सर्ट में हमेशा जबरदस्त भीड़ देखी गई है, फैंस अपने पसंदीदा स्टार की एक झलक पाने के लिए घंटों इंतजार करते हैं। जस्टिन बीबर की लाइफस्टाइल उतनी ही भव्य है जितनी उनकी नेटवर्थ है। पूरे अमेरिका में उनके पास कई शानदार संपत्तियां हैं। सेंसेशनल पॉप सिंगर जस्टिन बीबर एक बार फिर दुनिया भर में सुर्खियां बटोर रहे हैं। अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के भव्य संगीत में परफॉर्म करने के 83 करोड़ रुपए लेने की बात सामने आई है। सेलिब्रिटी मानकों के हिसाब से भी यह एक बहुत बड़ी रकम है, जो जस्टिन बीबर के फेम को दिखाती है।



# बिकास की फिल्म को मिला हुमा का साथ

**मुंबई।** अपनी पहली ही फिल्म 'चौरंगा' से समीक्षकों और दर्शकों की नजरों में छाए लेखक-निर्देशक बिकास मिश्रा की मेहनत रंग ला रही है। उनकी अगली फिल्म 'बयान' को अमेरिका में लॉस एंजेलिस की एक कंपनी का साथ मिल गया है। फिल्म के लिए हुमा कुरैशी पहले ही हां कर चुकी हैं। उनके अलावा फिल्म में दो दिग्गज कलाकार और होंगे। जानकारी के मुताबिक बिकास मिश्रा की अगली फिल्म 'बयान' नाम से बनने जा रही है। इस फिल्म को लेकर बिकास काफी दिनों से मेहनत करते रहे हैं और अब तक जिन लोगों ने भी फिल्म की कहानी सुनी है, सबने इसे एक बेहतरीन पटकथा बताया है। बिकास की इस कहानी को फिल्म निर्माता शिलादित्य बोरा का साथ मिला है। इस फिल्म को विकसित करने में हॉलीवुड की फिल्म इंडिपेंटेड का खासा साथ रहा है।



# 'चंदू चैंपियन' के सेट पर बाल-बाल बचे थे

**नई दिल्ली।** कार्तिक आर्यन को हाल ही रिलीज हुई कबीर खान निर्देशित फिल्म 'चंदू चैंपियन' में देखा गया। अभिनेता ने भारत के पहले पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता मुरलीकांत पेटकर की भूमिका को शानदार तरीके से निभाया। इस किरदार को निभाने के लिए कार्तिक ने 18 किलो वजन कम किया और अपने शरीर में जबरदस्त परिवर्तन लेकर आएं। हाल ही में कार्तिक आर्यन ने 'चंदू चैंपियन'के सेट पर हुई एक घटना को जिक्र किया, जिसमें उनकी आंखों में चोट लग सकती थी। एक साक्षात्कार में कार्तिक आर्यन ने शूटिंग के दौरान के एक किस्से को याद किया जब वह एक युद्ध के दृश्य का रिहर्सल कर रहे थे। कार्तिक ने साझा किया कि उन्हें सेट पर एक विस्फोट का अनुभव हुआ जिससे वह डर गए थे। वह धमाका ठीक उनकी दाहिनी आंख के पास हो गया था।

## टीवी मसाला



# 'बिग बॉस' में ही नहीं, इन सीरियल्स में भी देखने को मिला दो पत्नियों का ड्रामा

**नई दिल्ली।** अनिल कपूर के विवादित रियलिटी शो 'बिग बॉस ओटीटी 3' के कंटेस्टेंट और यूट्यूबर अरमान मलिक लोगों के बीच अपनी दो शादी के कारण जबरदस्त लाइमलाइट में बने हुए हैं। जब से उन्होंने अपनी दोनों बीवियों पायल और कृतिका के साथ इस शो में एंट्री की है, तबसे ही उन्हें खूब ट्रोल किया जा रहा है। फिल्म इंडस्ट्री में अरमान मलिक की रियल लाइफ जैसी कई मूवी बन चुकी है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि कुछ टीआरपी में हमेशा टॉप 5 में रहने वाले इन टीवी सीरियल में भी दो पत्नियों का ड्रामा देखने को मिला है और कुछ में अभी भी ये ड्रामा देखने को मिल रहा है। असल जिंदगी ही नहीं, एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री की दुनिया यानी टीवी जगत में भी इस तरह की हैरान कर देने वाली कहानियां दिखाई गई हैं। किसी सीरियल में लीड एक्टर को दो शादी कर पछताते देखा गया तो वहीं कुछ मजबूरी में दो पत्नियों के साथ रहता है।

**'गुम है किसी के प्यार में' :** निर्माता राजेश राम सिंह के इस टीवी सीरियल के दोनों सीजन में दो पत्नियों का ड्रामा देखने को मिल चुका है। 'गुम है किसी के प्यार में' के पहले सीजन में आपको विराट, सई और पाखी के बीच नाटक देखने को मिलता है। वहीं दूसरे सीजन में ईशान को सवी और सीवा के साथ रोमांस करते हुए देखा जाता है।




**ये रिश्ता क्या कहलाता है :** राजन शाही के मोस्ट पॉपुलर सीरियल में से एक और टीआरपी लिस्ट में हमेशा टॉप 5 में रहने वाले 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में दूसरे, तीसरे और चौथे सीजन में दो पत्नियों वाला जबरदस्त ड्रामा देखने को मिला है। 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' के दूसरे में कार्तिक की दो पत्नीयां नायरा और टीना होती हैं। तीसरे में अभिमन्यु की भी दो पत्नीयां अक्षरा और आरोही होती है। वहीं चौथे सीजन में अरमान को अभिरा और रूही के साथ देखा जा रहा है।

**इमली :** इस सीरियल में आदित्य की एक्स पत्नी इमली (सोमबुल तौकीर खान) होती है जिसे वह तलाक नहीं देता है। वहीं उसकी दूसरी पत्नी मालिनी (मयूरी देशमुख) उसके साथ सौतन के घर में रहती है। हैरान करने वाली बात ये थी कि दूसरी पत्नी को पता नहीं था कि उसका पति पहले से शादीशुदा है। सीरियल 'इमली' के पहले सीजन में दो पत्नीयों वाला शानदार नाटक दिखाया जा चुका है।

# राम पोथिनेनी-संजय दत्त की 'डबल इस्मार्ट' की शूटिंग पूरी

**मुंबई।** साउथ अभिनेता राम पोथिनेनी और संजय दत्त की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'डबल इस्मार्ट' इस साल सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। फिल्म की शूटिंग से जुड़ी कुछ जानकारियां देने के साथ निर्माताओं ने फिल्म के ट्रेलर को लेकर भी बड़ा अपडेट दिया था। वहीं, अभिनेता राम पोथिनेनी के जन्मदिन पर फैंस को बड़ा तोहफा मिला था, क्योंकि निर्माताओं ने फिल्म का टीजर जारी किया था। फिल्म की शूटिंग पर भी निर्माता समय-समय पर दर्शकों को अपडेट दे रहे हैं। वहीं आज भी उन्होंने दिलचस्प जानकारी साझा की। हाल ही में फिल्म का गाना रिलीज किया गया था, जिसे दर्शकों ने खूब पसंद किया। वहीं अब निर्माता ने शूटिंग के बारे में बड़ा अपडेट साझा किया है। पहला सिंगल रिलीज करने के बाद निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर घोषणा की कि फिल्म की पूरी शूटिंग समाप्त हो गई है।



इसके साथ ही फिल्म का एक आकर्षक पोस्टर भी जारी किया। फिल्म की शूटिंग अब पूरी हो चुकी है। अब फिल्म का पोस्ट प्रोडक्शन शुरू होगा। इससे पहले फिल्म का दमदार टीजर जारी किया गया था। टीजर वीडियो में राम पोथिनेनी और संजय दत्त की दमदार झलक देखने को मिली थी। शंकर के अवतार में दिखे राम पोथिनेनी के कुछ फाइट सीक्वेंस भी थे।

# साई पल्लवी ने अवॉर्ड मिलने पर बरसो रे मेघा गाने पर किया डांस



नई दिल्ली। वायरल वीडियो में रणबीर कपूर स्टारर नितेश तिवारी की रामायण एक्ट्रेस साई पल्लवी ने अवॉर्ड जीतने के बाद ऐश्वर्या राय बच्चन के बरसो रे मेघा गाने पर स्टेज पर डांस करती नजर आ रही हैं। वायरल वीडियो में साई स्टेज पर बरसो से मेघा गाने पर डांस करती नजर आ रही हैं। उन्हें स्पेशल ज्यूरी अवॉर्ड मिला है। जिसके बाद वो स्टेज पर आती हैं और वो डांस करना शुरू करती हैं। साई महरून कलर की साड़ी पहनकर डांस करती नजर आ रही हैं। उनके मूव्स देखकर फैंस हूटिंग करना शुरू कर देते हैं। वो उनको इस तरह से डांस करता देख दीवाने हो रहे हैं। वहीं सोशल मीडिया पर भी फैंस डांस देखने के बाद तारीफ करते नहीं रुक रहे हैं। रणबीर कपूर स्टारर और नितेश तिवारी द्वारा निर्देशित रामायण में सीता के रोल में नजर आने वाली एक्ट्रेस साई पल्लवी साउथ की सुपरस्टार हैं। उन्हें शानदार एक्टिंग के साथ सादगी के लिए जानी जाती हैं। फिल्में हो या रियल लाइफ हर जगह उनका सिंपल सादगी से भरा रूप फैंस को देखने को मिलता है।

# 'एनकेआर 22' में देखने को मिलेगी महापुरुष की गाथा



**मुंबई।** नंदमुरी कल्याण राम ने 5 जुलाई को अपना जन्मदिन मनाया। इस खास मौके पर उनकी नई फिल्म का ऐलान कर दिया गया है। 'एनकेआर 22' नंदमुरी की अगली फिल्म होगी। फिलहाल यह फिल्म का अस्थाई नाम है। 'एनकेआर 22' का ऐलान एक पोस्टर के जरिए किया गया है। फिल्म का निर्माण एनटीआर आर्ट्स द्वारा किया जा रहा है। निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर पोस्टर जारी करते हुए कैप्शन में लिखा, 'बिम्बिसार से पहले त्रिगर्थला पर शासन करने वाले एक महापुरुष की महिमा को देखने के लिए तैयार हो जाइए।' 'एनकेआर 22' नंदमुरी कल्याण राम अभिनीत 'बिम्बिसार' का ही दूसरा भाग है। फिल्म के पहले भाग को दर्शकों ने खूब पसंद किया था और यह फिल्म ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। यही वजह है कि अब 'एनकेआर 22' को लेकर कल्याण राम के फैंस का उत्साह चरम पर पहुंच गया है।

# कई कलाओं में उस्ताद हैं ये अभिनेता

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय सिनेमा में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। हर साल भारतीय सिनेमा में हजार से भी ज्यादा फिल्में बनती हैं। इन फिल्मों में लाखों लोग काम करते हैं। इन में से कुछ कलाकार ऐसे भी होते हैं, जिनमें कई सारी प्रतिभाएं होती है। कई ऐसे कलाकार हैं, जिन्होंने अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परिचय दिया है। कभी अभिनय कर, तो कभी निर्देशन, तो कभी गायकी। आज इस लेख में हम उन अभिनेताओं की बात करने वाले हैं, जो बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं। ये अभिनय में तो शानदार हैं ही, साथ में गायकी पर भी इन अभिनेताओं की अच्छी पकड़ है।

## अभिनय के साथ-साथ गायकी में भी हैं माहिर

### दिलजीत दोसांझ



दिलजीत दोसांझ भारतीय मनोरंजन जगत के जाने माने चेहरा हैं। वह पंजाबी फिल्मों के सुपरस्टार अभिनेता हैं। उन्होंने कई हिंदी फिल्में भी की हैं। हाल में ही वह जट्ट एंड जूलियट में नीरू बाजवा के साथ नजर आए हैं। इससे पहले वह निर्देशक इम्तियाज अली की फिल्म 'चमकीला' में नजर आए थे। इसके अलावा वह हाल में ही जिमी फॉलन के 'द टुनाइट शो' पर भी शिरकत करते नजर आए थे। उनकी लोकप्रियता लगातार बढ़ती जा रही है। शानदार अभिनेता होने के साथ-साथ वह एक बेहतरीन गायक भी हैं। उन्होंने देश-विदेश में कई म्यूजिक कॉन्सर्ट किया है। इसके अलावा नियमित रूप से भी वह अपना गाना रिलीज करते रहते हैं।

### अमिताभ बच्चन



अमिताभ बच्चन बॉलीवुड के महानायक कहे जाते हैं, ऐसे में फिर वह इस लिस्ट में भी कहां पीछे रहने वाले थे। अमिताभ अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' में अश्वत्थामा के किरदार में नजर आए हैं। उन्होंने 81 साल की उम्र में भी काफी शानदार एक्शन किया है। अदाकारी में तो उन्होने अपना लोहा मनवाया है ही, उन्होंने गायकी में भी काफी प्रसिद्धि पाई है। अमिताभ ने कई मौके पर गाने गाए हैं और उनके सारे गाने लोगों द्वारा काफी पंसद किए गए हैं। इनमें 'रंग बरसे', 'मैं यहां तू वहां' आदि शामिल हैं। उनकी हालिया रिलीज फिल्म में भी उन्होंने एक गाने को आवाज दी है।

### एमी विर्क



एमी विर्क पंजाबी फिल्मों के बड़े स्टार हैं। उन्होंने पंजाबी के अलावा कुछ हिंदी फिल्में भी की हैं। उनकी एक और आगामी हिंदी फिल्म 'बैड न्यूज' जल्द ही रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में वह विक्की कौशल और तृप्ति दिमरी के साथ नजर आने वाले हैं। उनकी फिल्म किस्मत पंजाबी फिल्मों में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक है। अभिनय के साथ-साथ वह काफी अच्छे गायक हैं। उन्होंने कई सारे गाने गाए हैं।



### आयुष्मान खुराना

आयुष्मान खुराना हिंदी फिल्मों के जाने माने अभिनेता हैं। उनकी हर फिल्मों को दर्शकों का भरपूर प्यार मिलता है। एक के बाद एक सफल फिल्में दे कर उन्होंने अपने लिए एक खास मुकाम हासिल कर लिया है। उनकी फिल्मों की एक खास शैली है। इसके साथ ही उनकी हर फिल्मों में समाज के लिए कोई ना कोई संदेश छिपा होता है। साल 2012 में रिलीज हुई फिल्म 'विक्की डोनर' से डेब्यू करने के बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा है। इस फिल्म में आयुष्मान ने एक गाना भी गया था, जो काफी पसंद किया गया था। ये गाना था पानी दा रंग। इसके अलावा भी कई मौके पर वह अपनी गायिकी का जलवा दिखाते रहते हैं। आयुष्मान एक बेहतरीन अभिनेता के साथ-साथ बेहतरीन गायक भी हैं।